PUNJAB APPROPRIATION (NO. 2) BELL, 1989—Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Hon. Members, time allotted to it is three hours. Already-one hour was spent yesterday and, I think, today also. So, I would request

Members to be as brief as possible.

Shri Ahluwalia to continue.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : उपसभाध्यक्ष जी; मैं पंजाब विनियोग (सं० 2) विधेयक, 1989 पर बोल रहा था। उसी के संदर्भ में, जैसा कि मैंने लंच के पहले कहा कि आज पंजाब की अवस्था के पीछे गैर-जिम्मेदार विपक्ष भी उतना ही जिम्मेदार है, जितना कि बार्डर के उस पार बैठे लोग हमारे नौजवानों को भड़का रहे हैं।

जब बात आती है कि आतंकवाद से कैसे लड़ा जाए, तो आतंकवाद से कोई डाईरैक्ट लड़ाई नहीं है कि फौज उधर खड़ी है, इधर भी फौज खड़ी है हमारे पुलिस वाले गोलियां चलायेंगे और उससे विरोध हो सकेगा। समाज में भी सुधार लाने की जरुरत है।

जिसके कारण एक आदमी आतंकवाद के रास्ते पर जाता है, उन चीजों को भी विचारने की जरूरत है। बाहरी मुल्कों ने हमारे मुल्क को कमजोर करने के लिए हमारे बीच दरार डालने के लिए पंजाब में बहुत बड़ी कोशिश की और उसमें कम्यूनल रायट कराने की कोशिश की गई, कम्यूनल लाइन पर डिवीजन कराने की कोशिश की गई। किंतु दुख उस वक्त होता है जब एक जिम्मेदार पार्टी, बी.जे.पी. जैसी पार्टी शिव सेना बनाने लगती है, जब एक जिम्मेदार पार्टी अकाली दल जैसी पार्टी खालिस्तानी कमांडोज को सपोर्ट करने लगती है और जब फिर बी.जे.पी. पार्टी बजरंग ब्रिगेड को खड़ा करती है और अकाली दल भिंडरावाला टाइगर फोर्स का समर्थन करता है। और हिन्दू और सिख के बीच में दीवार खींचने की कोशिश की जाती है। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बड़े दुख की बात है और जब भी हम पंजाब पर चर्चा करते हैं तो बड़े-बड़े सुझाव आते हैं कि ऐसा करना चाहिए। अभी कुछ देर पहले, हमारे विपक्ष के नेता कह रहे थे कि लौंगोवाल एकार्ड इम्प्लीमेंट करना चाहिए पर वह एक ऐसे सेन्टर, ऐसे कोलीशन में जुड़े हुए हैं वह विपक्ष के सदस्य जहां पर मैं कहूं कि आज आश्चर्य होता है जब कास्टिस्ट्स, कम्युनलिस्ट्स और कम्युनिस्ट्स तीनों एक प्लेटफार्म पर खड़े हो गए। विरोध किसका है, विरोध राजीव गांधी का करना है। विरोध किसका है, विरोध सैकुलर थिंकिंग का है। सैकुलरिज्म के खिलाफ लड़ाई लड़नी है और जनसाधारण के लिए, जनता के लिए कुछ नहीं करना है। उपसभाध्यक्ष महोदय, दुख उस वक्त होता है जब इस तरह से समाज को बांटने की कोशिश चलती है और एक तरफ से मैं कम्युनिस्टों की सराहना करता हूं कि उन्होंने पंजाब पर भी कोई कोशिश की है तो कम्युनल लाईन पर डिवीजन लाने की कोशिश नहीं की और उन्होंने जब भी पंजाब के बारे में सोचा है तो नेशनलिस्ट थिंकिंग लेकर सोचा है। पर दुख उस वक्त होता है पंजाब के बारे में उनकी विचारधारा दूसरी है, पर दिल्ली में आकर उनकी विचारधारा दूसरी हो जाती है। इन चीजों पर विचार करने की जरूरत है। जो पोलिटीकल लीडर्ज हैं या पोलिटीकल पार्टियां हैं उनका भी कोई कोड आफ कंडक्ट हो। पंजाब के बारे में वह जगह-जगह अलग-अलग अपनी प्रैस रिलीज देते है और अलग-अलग बातें कहते है। उपसभाध्यक्ष महोदय विपक्ष के नेता कहते हैं कि पोलिटीकल सोल्यूशन करो, मैं कहता हूं कि पोलिटीकल प्राब्लम है या नहीं। पंजाब में पोलिटीकल प्राब्लम नाम की कोई चीज नहीं है। यह तो एक हौआ खड़ा किया गया है। वहां अगर कोई प्राब्लम है तो इकोनोमिकल प्राब्लम है। वहां अगर कोई प्राब्लम है

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया]

तो एम्प्लायमेंट प्राब्लम है। वहां अगर कोई प्राब्लम है तो डिवैलपमेंटल प्राब्लम है कि वह जहां तक डिवलपमेंट हो सकती थी पंजाब में, एक मेहनतकश पंजाबी जहां तक मेहनत कर सकता था, पंजाब सिर्फ सिखों का नहीं है, पंजाबियों का है और पंजाब का पंजाबी जहां तक मेहनत करके एक चीज को पहुंचा सकता था, हरित क्रांति की बात कहिए, आज भारतवर्ष को सब से ज्यादा अन्न पंजाब देता है। अगर हम कहें कि उसका अनुदान सिर्फ सिखों का है तो वह गलत होगा। मैं बिहार से आता हूं और बिहार को सारी पंजाब के खेतों में काम करने वाली लेबर बिहार से जाती है और अगर ऐसी कोई शिकायत हो कम्यूनल डिवीजन की, अगर ऐसी कोई शिकायत हो कि वहां पर हिन्दू को नहीं देखा जाता है तो यह बिहारी कम से कम हजार किलोमीटर दूर चल कर वहां खतों में काम करने के लिए नहीं जाते। उप सभाध्यक्ष महोदय, मैं गर्व से कहता हूं कि पंजाब के पंजाबियों ने यह करके दिखाया है कि इतना कुछ होते हुए भी वहां इस बार चावल की प्रोडक्शन हाईएस्ट हुई है। इतना कुछ होते हुए भी वहां दालों की प्रोडक्शन अच्छी हुई है। इतना कुछ होते हुए भी वहां सरसों की प्रोडक्शन और तिलहनों की प्रोडक्शन अच्छी हुई है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री ने फूड प्रोसैसिंग यूनिट लगाने के लिए पेप्सी कोला को परमिशन दी और उसके साथ-साथ वहां का कृषक जो है उसको अपने डोर-स्टैप पर अपना माल बेच सके वह व्यवस्था करने की कोशिश की है। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि पंजाब दाल सब से ज्यादा पैदा करता है, पर पंजाब का पंजाबी जब दाल बेचता है तो वह 400/- रुपये क्विंटल के हिसाब से बेचता है और जब खरीदने जाता है तो 11/- रुपये के.जी. खरीदता है। यह जो मोडिएटर मिडलमैन को इतना पैसा जाता है इसको रोकने के लिए मेरी आपके माध्यम से सरकार को गुजारिश है कि कम से कम छोटी-छोटी दाल मिलें हर गांव में लगाई जाएं कि जो गांव में दाल उपजाता है वह कम से कम लोकल दाल मिल को बेच सके। तो यह बड़ी दाल मिलों का जो लाभ है, जो मुनाफा है वह कम होगा और सहूलियत के लिए सब को सस्ती दालें मिल सकेंगी। सिर्फ यही नहीं, अगर तेल के बीजों की, तिलहनों की बात करें तो वह भी देखिए कि सरसों के बीच का दाम कितना है और सरसों के तेल का दाम कितना। मेरी आपके माध्यम से गुजारिश है, माइक्रो आयल मिल्ज जहां-जहां, यह सिर्फ पंजाब में नहीं, जहां-जहां कृषि क्षेत्र है वहां पर लगनी चाहिएं और माइक्रो मिल्ज में जो प्राइमरी तेल है वह निकाल कर वह बड़ी मिलों को दिया जाए, जहां पर बड़ी आयल मिल्ज उसको रिफाइन करके पैकिंग कर के बेच सकें। इससे तेल की कीमतों में कमी होगी और काश्तकारों को, किसान को अपने दरवाजे पर दाल और तिलहन बेचने का मौका मिलेगा। पंजाब ने हर चीज में पहल ली है, इसमें भी पहल ले और यह छोटी माइक्रो दाल मिल और माइक्रो आयल मिल की शुरुआत पंजाब से हो और सारे हिंदुस्तान के कृषि क्षेत्र में फैले। ऐसी मैं आशा रखता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई): अब आप समाप्त कीजिए।

श्री चतुरानन मिश्र: चावल, दाल बेच लिया, अभी नून बेचना है।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: अभी तो असली चीज बेचनी है।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से गुजारिश है उन फंडामेंटलिज्म दलालों को और उन फंडामेंटलिज्म एडवोकेटस को, जो हिंदुस्तान की धरती पर नहीं

बल्कि विदेशों में जाकर प्रचार कर रहे हैं। पंजाब का मसला पंजाब के लोगों को हल करने दीजिए, पंजाब के मसले पर पंजाब के लोगों को फैसला करने दीजिए, पंजाब का मसला पंजाब के अंदर रहने दीजिए। पंजाब का मसला सात समुंदर पार से जाकर अपना कपड़ा उठाकर नंगा पेट दिखाने की कोशिश न करिए। आज विदेशी ताकतें इस इंतजार में बैठी हुई हैं कि पंजाब के किस हिस्से में आग लग रही है, उसमें कितना तेल डालने से हिंदुस्तान जल सकता है, असम के किस हिस्से में आग लग रही है और वहां कितना तेल डाल देने से हिंदुस्तान जल सकता है। ऐसी कोशिश करने वाले जो लोग बैठे हैं, जो विदेशी ताकतें बैठी हैं, उनको जो खबरें देते हैं, वह खबरें उसी तरह से हैं, जिस तरह से एक घुसपैठिया अपनी डिफेंस की खबरें लोगों को बताता है कि हमारे पास यह अस्त्र-शस्त्र हैं या यह हमारी सुरक्षा है, यहां हमारी असुरक्षा है, यह गेट खुला मिलता है, जो इस तरह के विचार बेचता है उसके खिलाफ जो कड़ी कार्यवाही की जाती है सरकार की तरफ से या मुल्क की तरफ से, वैसी ही कार्यवाहियां इनके खिलाफ भी होनी चाहिए।

महोदय, आज पंजाब के मसले को भड़काने के पहले, जैसा मैं पहले भी बोल चुका हूं और फिर से याद दिलाना चाहता हूं कि पंजाब के मसले को भड़काने से पहले कम से कम पंजाब का दौरा करें, पंजाब के मसले को लेने से पहले कम से कम जनता दल जैसी पार्टी उसका एक नमूना बनाए कि पंजाब के बारे में वह क्या कहना चाहते हैं, आनंदपुर रेजोलूशन के बारे में वह क्या कहना चाहते हैं? चन्द्रशेखर कहें कि मेरे सामने ये आनंदपुर रेजोलूशन पास नहीं हुआ था और अगर पास हुआ था तो मेरी अज्ञानता में पास हुआ था, मुझे मालूम नहीं था। तो मैं कहुंगा कि इन चीजों पर विचार करने की जरूरत है। मैं यह चीजें आपके सामने इसलिए ला रहा हूं क्योंकि मैं देखता हूं पंजाब पर बातें होती हैं तो तरह-तरह के आरोप लगाए जाते हैं, तरह-तरह के दोषारोपण सरकार पर होते हैं। लेकिन इन चीजों पर आज गंभीरता से देखने की जरूरत है कि पंजाब में ऐसा क्यों हो रहा है?

उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपना वक्तव्य समाप्त करने से पहले एक और चीज कहना चाहता हूं कि पंजाब में अच्छा शासन चलाने के लिए, पंजाब में आतंकवाद को रोकने के लिए हम लोगों ने पुलिस को ताकतें दीं। परन्तु ऐसा नहीं है कि पुलिस एकदम धोई हुई तुलसी की पत्ती है। पुलिस ने कहीं-कहीं ज्यादतियां भी की हैं और उन ज्यादतियों को रोकने की जरूरत है। मैं आपके मध्यम से सरकार से पूछना चाहूंगा कि सरकार ने कितने विजलेन्स सैल बनाए हैं पुलिस की ज्यादतियों को रोकने के लिए, सरकार ने कितने ग्रिवेन्सेस सैल बनाए हैं लोगों की ग्रिवेन्सेस सुनने के लिए और जो ग्रिवेन्सेस की पीटीशन पड़ती है, क्या उनको फिर डराया धमकाया नहीं जाता और अगर ऐसी चर्चा सुनी जा रही है तो क्या उन पर कारगर कदम लिए जा रहे हैं या नहीं? तो मैं कहूंगा कि इस पर विचार करने की बहुत जरूरत है और पुलिस पर भी अंकुश लगाने की जरूरत है। अगर वहां बैठा कोई भी, किसी भी पार्टी का समर्थित पुलिस आफीसर ऐसी चीज करता है तो उससे बदनाम तो केन्द्र सरकार ही होती है, तो उस पर अंकुश लगाने की जरूरत है। हमने पुलिस को जो पावर दी है, वह आतंकवाद को रोकने के लिए दी है, न कि आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए। आतंकवाद को बढ़ाने में जितने जिम्मेदार विपक्ष के लोग हैं, उसके साथ साथ कुछ पुलिस अधिकारी भी हैं, जो आतंकवाद को दिन-पर-दिन बढ़ा रहे हैं, इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है। धन्यवाद।

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY (Andhra Pradesh): Mr. **VicS*** Chairman, sir, efore I go into this Appropriation Bill ...(Interruption?*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Please try to finish to ten minutes' time.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY: I will finish. I would like to say something about the conditions that are prevailing in Punjab. Sir, it is really a tragedy, a pity that we are discussing this Appropriation Bill on Punjab in this House, in fact.' earlier also we have said that the Appropriation Bill should have been discussed in the Legislative Assembly of Punjab, duly elected Assembly of Punjab. But, unfortunately, the elected government of Punjab under the leadership of Surjit Singh Barnala has been dismissed and the Legislative Assembly dissolved. This is most undemocratic and unconstitutional. The Bamala Government has been dismissed on the plea that there was no law and order. I would like to mention, here that after the imposition of President's rule, after the dismissal of the Barnala Government, the killings have been increasing in Punjab. The Minister knows very well; Kindly go into the statistics. What is the ratio of killings during the Bamala Government and tftis Presidential rule? That will clearly show that this Government, that is the Government under President's rule in Punjab, that is the Govem-ment which is u$^{n(l^{er}}$ the Central control, has utterly failed to maintain law and order and it has failed to protect the lives of innocent people. Recently we have seen how in Moga 24 volunteers of the RSS have been killed mercilessly. There was no protection. That is only an example. Such killings have been taking place every* day. Innocent kisans, irrespective of whether they are Sikhs or Hindus, have been killed, murdered. There is no protection. So I would like to ask this Government: What moral right have you got *to* continue to rule this country? And this Prime Minister who Is responsible for the creation of the Presidential rule in Punjab has

..failed to maintain law- and order. So Wis our demand that the Prime

, J^nister should resign because he has $^{v}I^{ailed}$ to create confidence in,, the peo-

' gps mind. When" he, has failed in Punjab, the whole country is shaken, people's conscience has been shaken.

He cannot remain. How are we going to protect the lives of these innocent people?

Secondly, Sir, I would like to draw the attention of this House and the country to the fact that in spite of this violence, in spite of these killings, the brave people of Punjab, the farmers, the workers, the general public, irrespective of thei$_{r}$ religion and caste, stood like a rock. They maintained the communal harmony. They maintained the spirit of -India to live, together. Punjab is a part of India. They stand for the unity and integrity of the country. We condemn violence, all sorts of violence. We stand for the unity of the country. Some of rny friends have referred to the Anandpur Sahib resolution. I do not know what it contains. I could not get till date what the true translation of that resolution is because it has been originally drafted in Punjabi, in Gurmukhi language. I could not get it. It had been referred to the Sarkaria Commission. The Sarkaria Commission has clearly stated that to accept the Anandpur Sahib resolution is suicidal to the country and if we accept it, it will lead to secession. If it is so, we will oppose it, we will not support it. I do not know even till date the true contents. Different versions of it are there. Some say it will lead to secession. Som$_{e}$ say what they w&at is autonomy. They demanded autonomy. If they really demand autonomy or more powers to states, not secession, there is nothing wrong. (Interrupt *tions).* But if it contains the element of secession, we will completely oppose it. If it contains a demand for autonomy and more powers to states there is nothing wrong. It is time for improving Centre-State relations. The powers, of the States should not be curtailed. Only when the States become strong,, the Centre remains strong. If the'States become weak, the Centre becomes weak. Together we have to strive for the prosp-rity and ■ unity and integrity cf the country. *It* we want a strong India, we must have strong States...

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EXPENDITURE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI B. K. GADHVI): Just a moment. Mr. Vice-Chairman, much water has flowed down the bridge and I am surprised that a senior Member like Mr. Reddy today says, ""We don't understand the contents of that resolution and, therefore, we aire not in a position to take a clear stand." II this is your responsibility, then it speaks for itself.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY: Excuse me, I bad demanded on the floor of this jHouse so many times, I had requested the Government, to supply me a true copy, an authenticated translation, of that resolution. And we made it very clear...

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry!: In your State of Andhra Pradesh you have not curbed the Naxalite movement. You have no right to speak about Punjab.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY! I have made my point of view very clear, we "have made our party's point of view very clear, that we stand fOr a united India, we do not want secession of any part of the country, whether of Punjab or of any other part of the country. Why don't •you understand that? I gUre you an example. I was a student in those days. Many of rhy friends of that time are now in the Congress Party. We were not communists, our friends were.not communists at that time But many Congressmen used to say, "Oh, he is a communist, he is a communist, they are communists". r What happened? They all really became communists. Therefore, the lesson you should learn is, -nobody is for -Khalistan, no Punjabi says I want Khalistan, no Indian says I,want Khalistan, no member of any political party says I want JChalistan. They all want to live united, they all want to live in. peace and prosperity in this great country of ours. So, don't repeat this word 'Khalistan' and don't* encourage those tendencies. I request my friends to think over this problem coolly. Ours is a great country. We are here representing the great people of this great country. We should not take it lightly. We must discuss thei situation very seriously. It is a question of our country's unity and integrity. Due to our mistakes in the past we have divided our country, We have partitioned this great country. We are ashamed of it. But it happened. Let us not make that mistake again. Due to our wrong policies and concep-. tions we have treated badly a section of our people. So they have gone out. We should not make that mistake again.

Thirdly, I would like to tell my friends, this is not a debate to blame one party or the other. Everybody is patriotic in this country. Don't bring in narrow politics so far as national issues are concerned. Neither Bhartiya Janata Party nor Communist Party nor CPM nor Janata Dal nor Telugu Desam nor DMK, no party nobody, wants any harm to this country. Everybody is a patriot, whether in this party or in that party. We are all patriots. We should know that. We should not go on accusing so-and-so is such-and-such. We are all patriotic. We are not going to deceive our country, we are not going to defame our country in the eyes of the world. Kindly bear that in mind.

_Then I would like to. say, some friends, especially Mr. Darbara Singh" and Mr. Ahluwalia, said:



इन्होंने कहा, हमने कभी पंजाब का दौरा नहीं किया। मैं नम्रतापूर्वक आपसे निवेदन करना चाहता हूं, दरबारा सिंह जी तो नहीं हैं यहां सदन में, लेकिन मैं उनसे कहूंगा कि हमारी पार्टी के नेता और हमारे राज्य के मुख्य मंत्री श्री एन० टी० रामाराव ने हम सब को आदेश दिया कि पंजाब का दौरा करें।

[श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी]

मैं खुद गया था पंजाब... (व्यवधान) आप सब्र रखिए, क्यों उतावले होते हैं? मैं आंध्र प्रदेश के छोटे से गांव का रहने वाला हूं, फिर भी मैं एन० टी० रामाराव जी के आदेश से पंजाब गया, मैंने पंजाब का बहुत दौरा किया यहां तक कि भगतसिंह के जन्मस्थान भी गया और वहां भी गया जहां ब्रिटिश सरकार ने उनको फांसी दी, उनका मैमोरियल बना वहां भी गया। पंजाब वह भूमि है कि जहां बहादुर वीर भगतसिंह, लाला लाजपतराय जैसे महापुरुषों ने जन्म लिया। इसके ऊपर भारत को गर्व है। हम यह नहीं चाहते कि पंजाब के लोग उनके बलिदानों को भूल जाएं। हम उनसे इंसपिरेशन लेते थे गदर पार्टी के महान वीर थे जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व त्याग दिया। हम नहीं चाहते कि पंजाब में खूनखराबा हो। लेकिन उसके क्या वजूहात हैं। उसकी गहराई में जाने की जरूरत है।

We have to go deep into the reasons for the troubles in Punjab and we have to solve the problem of Punjab; **We** cannot sit idle and blame each other. There are certain problems. We have to understand the aspirations of **the** people of Punjab.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Only two minutes more Mr. Reddy.

SHRI B. SATYANARAYAN RM*. DY: I have to mention many **things** and so, kindly consider. This is a very important issue. - I

Sir, as I was felling, we have to go deep into the problem. I **hava** attended many meetings there. **When** Mr. Darbara Singh goes there, he goes with military or police protection. **But** I do not go with police protection. I have gone round Punjab without police protection and QUT leader, Shri N. *I.* Rama Rao, has gone and he has gone to Longowal and addressed a **big** gathering a big public **meeting, there.**

Similarly, leaders of the CPI, CPI(M), Janata Dal and other political parties have gone there. We have been there. We have studied the situation •there and, therefore, I say that we have to go into the details, into the reasons and then see how to bring peace in Punjab. There was an agreement or accord between the Prime Minister, Shri Rajiv Gandhi, and the late Longowal and that accord has not been implemented. It has not been implemented and we want that it should be implemented. There are still some detenus who have not been released. Of course, we were demanding from the beginning that they should be released, that all of them should be released. A majority of them have been released: but still some are in detention.

SHRI B. K. GADHVI; Each one ol the Jodhpur detenus has been released an^ if there are some in custody, it is because of other crimes.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY; What about Mr. Badal who is in detention still? There are other Akali leaders who are in detention. Why should they not be released? All of them should be released. You must have talks with them, you must have a dialogue with them, in order to solve the problem of Punjab. But keeping them under detention, by answering with bullets for bullets, you are not going to solve th© Problem of Punjab. You have to negotiate. Even in Sri Lanka, you have to negotiate.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JA" GESH DESAI); Mr. Reddy, you are going from one point to another. There is no time now. Please conclude now.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY; Therefore, the Government must seriously consider this and they must hold Immediate consultation with **all** the political parties and they must hold **the** Assembly elections and must **restore tfae** democratic norms in **pan-lab.**

And they must solve the unemployment problem in Punjab. All the victims of the 1984 riots have to be provided with all facilities. During the riots in Delhi and in the rest of the country all parties were protecting the Sikhs like anything. It is not that we have neglected them. In Andhra Pradesh, in Bengal, in Tamil Nadu and in Kerala, in all these States all the parties protected the Sikhs because they consider them as their own brothers. We did not allow them to be put into trouble. That is what i wanted to make clear.

Now, I will come to the main Bill. There are two or three points so far as the Bill is concerned.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): You are coming to the Bill after 16 minutes are over.

SHRI^B. SATYANARAYAN REDDY. Parliament has been asked to sanction or approve the Appropriation Bill, certe.in amounts for the development and other welfare activities in the Punjab. Of course, this is a truncated Parliament. It has no moral right. Still when we are discussing...

SHRI CHATURANAN . MISHRA:' No right to discuss it? Right we have. You can say that it is not moral. But don't say that we have no right.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY: What I want to say is that a large number of Lok Sabha Members have resigned. They have no opportunity to discuss. -

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl JAGESH DESAI). This is not Lok Sabha. This is Rajya Sabha.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY: The funds that have been allocated are not sufficient. For Agriculture and Forests the amount of Rs. 99 crores and 11 lakhs Is not sufficient. I am giving only an example. Then, itor Education, which Is very Important, the fund allocated is very meagre. Similar is the case 'with Industries, labour and Unemployment. As I have stated, unemployment Is very serious. The Government has to take Into consideration that sufficient funds are provided to root out unemployment. Similarly for Local Government Housing and Urban Development the amount allocated is very meagre. For Revenue and Rehabilitation also the amount is very meagre. It is Rs. 44 crores and it has to be increased. If you really want the development of the people of Punjab, you have to take all these things into consideration. Then, for Social and Women's Welfare— these are all important—the amount allocated is very meagre. I want to draw attention to the fact that simply coming to Parliament and allocating insufficient funds will not solve the Problem. Democratic institutions should be restored and elections should be held immediately for the Assembly. Mr. Buta Singh told that elections for the Parliament are possible but not for the Assembly. I cannot understand this. You have got your own intentions. Your intentions are bad. Have Assembly elections. Have popular Govem-ment in Punjab. Let the people of Punjab and the Assembly decide their own budget, their own estimates. By sitting here we cannot do any justice "to the people of Punjab. It is my humble request. If the wrong policy *61* the Central Government continues, you are not going *to* solve the problem of Punjab. You have to change your policy. Otherwise the people of India will throw you out and the problem of Punjab will be solved by the democratic forces of this country. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Dr. Ratnakar Pandey, Only 10 minutes, please.

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे श्री बी० के० गढवी जी द्वारा 31 जुलाई, 1989 को उपस्थित किए गए वित्त वर्ष 1989-90 की सेवाओं के लिए पंजाब राज्य की संचित निधि में से कतिपय राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर, जिस रूप में वह लोक सभा द्वारा पारित किया गया है, आज विचार हेतु इस सदन में

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

प्रस्तुत है उस पर मुझे बोलने के लिए जो मौका दिया है उसके लिए मैं आपके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं । इस पंजाब विनियोग विधेयक के उद्देश्य और कारणों में कहा गया है कि यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन 11 मई, 1987 को पंजाब राज्य के बारे में जारी की गई उद्घोषणा के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 204(1) के अनुसरण में पुरःस्थापित किया जा रहा है । यह पंजाब राज्य की संचित निधि में से उन धनराशियों के विनियोग का उपबंध करने के लिए है जो वित्तीय वर्ष 1989-90 के लिए पंजाब राज्य की संचित निधि पर भारित व्यय और पंजाब सरकार के व्यय के लिए लोक सभा द्वारा किए गए अनुदानों की पूर्ति करने के लिए आवश्यक है । लगभग 49,52,49,27,000 रुपयों का यह विधेयक जिन मदों पर खर्च किया जा रहा है, मैं समझता हूं कि कोई भी जन प्रतिनिधियों की सरकार होती तो जब भी इसके बाहर खर्च नहीं करती । इसमें कृषि, और वन, पशुपालन और मत्स्य उद्योग, सहकारिता, रक्षा सेवाएं, कल्याण, शिक्षा, निर्वाचन, उत्पाद-शुल्क और कराधान, वित्त, खाद्य और पूर्ति, साधारण प्रशासन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, गृह और न्याय, उद्योग, सूचना और जन संपर्क, सिंचाई और विद्युत, श्रम और रोजगार, स्थानीय शासन, आवास और शहरी विकास, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार, योजना, कार्यक्रम कार्यान्वयन, लोक निर्माण, राजस्व और पुनर्वास, ग्रामीण विकास और पंचायत, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण, समाज और महिला कल्याण और अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण, राज्य विधान-मंडल, तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण, पर्यटन और सांस्कृतिक कार्य, परिवहन और सतर्कता, इन 25 मदों पर जिसमें 30 उप-विभाग हैं, खर्च की जा रही है । यह बहुत बड़ी धनराशि है। अभी मेरे पूर्ववर्ती सदस्य ने कहा कि पंजाब में जो पहले बरनाला की सरकार थी वह बहुत अच्छी चल रही थी । राष्ट्रपति शासन लागू करके हमने बहुत बड़ा अपराध किया । पंजाब पांच नदियों का प्रान्त है--सतलुज, व्यास, रावी, चिनाब, झेलम, सिंधु बहे पंजाब । इन पांच नदियों के प्रदेश में जहां वीर उत्पन्न हुए थे वहां लाला लाजपत राय और भगतसिंह जैसे वीर-बांकुड़े भी उत्पन्न हुए । देश का गौरवशाली यह पंजाब राज्य है जो हमारी सीमाओं की रक्षा के साथ साथ देश भर में सबसे अधिक और अच्छी किस्म की गेहूं की उपज पैदा करता है । लेकिन आज उसी पंजाब की नदियों में जल की जगह बेगुनाहों और मासूम लोगों का खून बह रहा है और धरती लाल हो रही है । नदियों मे पंजाबवासियों का रक्त प्रवाहित हो रहा है । पंजाब का उद्योग तबाह किया जा रहा है । यह सब क्यों किया जा रहा है ? औद्योगिक दृष्टि से, भौतिक दृष्टि से और शारीरिक दृष्टि से जिस तरह का शोषण हो रहा है वह असहनीय है । सारा देश उसके लिए चिन्तित है । जनता द्वारा ठुकराये हुए कुछ राजनितिज्ञ अपनी स्वार्थ की पूर्ति के लिए विदेशी ताकतों के सहारे देश की एकता और अखण्डता को छिन्न-भिन्न करने पर तुले हुए हैं । सबसे बड़ा कारण पंजाब में, मैं मानता हूं कि ऐसे तत्वों, ऐसे लोगों में डा. जगजीत सिंह चौहान, गंगा सिंह ढिल्लो और जफरवाला जैसे देशद्रोही भी शामिल हैं । विदेशी पैसे और हथियारों से पंजाब के भोले-भाले और मेहनती नौजवानों को बरगलाया जा रहा है और जो उनके हाथों में काम होना चाहिये था, हल होना चाहिये था उसके बजाय उनके हाथ में जबर्दस्ती पिस्तौल पकड़ाई जा रही है । मान्यवर, उपसभाध्यक्ष जी, इस तरह से उनका ब्रेन वाश किया जा रहा है और उनके मानसिक धरातल को इस तरह से दूषित किया जा रहा है । विदेशी ट्रेनिंग कैंपों में उनको ट्रेनिंग दी जाती है गोली चलाने की, हत्यायें करने की । वे अपने और बेगाने की पहचान भी भूल गये हैं । उन्होंने इस तरह से उनको मानसिक दृष्टि से दास बना लिया है। वे अपना ही खून बहा रहे हैं और अपने भाई बहनों को पहचानने और अपनी धरती के लोगों को पहचानने में उनकी कोई रुचि नहीं है । माया, ममता, मोह और इंसानियत से वे गिर चुके हैं। आज

हालत यह है कि अगर औद्योगिक विकास के आंकड़ों को हम देखें तो पंजाब में पूरी तरह से बेरोजगारी फैली हुई है और यह निरन्तर बढ़ती जा रही है । भारत सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिये समय समय पर महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। हमने दो-दो आपरेशन किये और राजनीतिक स्तर पर राजीव गांधी लोंगोवाल समझौता हुआ । आर्थिक क्षेत्र में भी हमने कहीं कोई काम नहीं रोका । कपूरथला में रेलगाड़ियों के डिब्बे बनाने का कारखाना हमने दिया है । जब कि सारे देश में एकता और देश प्रेम की भावना जाग रही है वहां दूसरी ओर कुछ लोग विदेशी शक्तियों के हाथ की कठपुतली बनकर देश की एकता और विशेषकर पंजाब को तोड़ने में लगे हुए हैं । हमारे सदन के एक सदस्य ने जो अपने आप को देश का एक बड़ा क्रिमिनल लायर कहते हैं, हमारे देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के हत्यारों को फांसी के तख्ते से बचाने के लिये जी जान से अदालतों का दरवाजा खटखटाते है और बाद में वे विदेशों में जाकर विदेशी सांसदों से जो भारत विरोधी हैं और खालिस्तान के समर्थक हैं उनके साथ सांठ-गांठ करके वे भारत विरोधी गतिविधियों में जुटे हुए हैं । मैं इस माननीय सदस्य के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण और रोंगटे खड़े कर देने वाली जानकारी अपने इस सदन के माननीय सदस्यों को देना चाहता हूं और इस सदन के माध्यम से देशवासियों के सामने भी रखना चाहता हूं । इस माननीय सदस्य ने जिसका जुबान पर नाम लेने से जुबान अपवित्र हो जाती है, पंजाब के लिये एक भारत मुक्ति मोर्चा नामक संस्था बनाई जो पंजाब में एक वर्ग विशेष से हो रहे भेद-भाव और ज्यादतियों की दास्तान विदेशों में पहुंचा सके । इस काम में बुरी तरह विफल होने के बाद ये श्रीमान अमेरिका और लंदन के दौरों पर गये। उन्होने अमेरिका की संसदीय पद्धति के अनुसार जो शक्ति सीनेट को मिली हुई है....

श्री कैलाशपति मिश्र (बिहार) : प्वाइंट आफ आर्डर ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मैं जो कह रहा हूं वह मैं पूरे उत्तरदायित्व के साथ कह रहा हूं ! मुझे प्रोवोक मत करें । मैं शिष्टता से अपनी बात कह रहा हूं ।

श्री कैलाश पति मिश्र : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर सुन लीजिये ।

मेरा आपसे एक ही आग्रह है कि अगर व्यक्ति इस सदन का सदस्य है तो उसके अपने ऊपर लगे आरोपों का सफाई देने के लिये पूरा समय मिलना चाहिये ! मैं चेयर को कह रहा हूं ।

डा. रत्नाकर पाण्डेय : इस पर चेयर को डिसीजन लेना है ।

मैं अपनी बात कह रहा हूं । मैं कह रहा था कि इस कांड के बाद जो ज्यादतियां हुई विदेशों में पहुंचे और बुरी तरह से भारत मुक्ति मोर्चे में सफल होने के बाद वे अमेरिका और लंदन के दौरे पर गए और अमेरिका की संसदीय पद्धति के अनुसार सेनेटर्स को बहुत अधिक शक्ति मिली हुई है और यह सेनेटर्स वहां पर एडमिनिस्ट्रेशन की पालिसी को भी सब-स्टेच कर सकते हैं । माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अमेरिका के सेनेटर्स अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिये किसी न किसी लाबी से भी जुड़े हुए हैं । अमेरिका के एक सेनेटर हैं जिनका नाम वैली हर्गर है । ये सेनेटर अमेरिका में खालिस्तान के सबसे बड़े समर्थक हैं । इस सेनेटर ने अमेरिका संसद में संशोधन रखवाया ...

SHRI RAM JETHMALANI (Karnataka) : Sir, I rise only on this. I have! objection to all that is being said.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); He has not uttered any name. What do you want to sayfl

DR. RATNAKAR PANDEY; I ant not uttering any*name.

SHRI RAM JETHMALANI; I will reply to this person and you will give me a right...

THE VICE-CHAIRMAN" (SHRI JAGESH DESAI): What do you want*

SHRI RAM JETHMALANI; Let me finish first. This is a bunch of vicious*

♦Expunged as ordered by **the** Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAl). He has not taken your name...

DR. RATNAKAR PANDEY; I am not mentioning any name, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRi JAGESH DESAI): ...Why do you want to take it upon yourself?

SHRl RAM JETHMALANI; What Sir?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): He has not uttered your name at all.

SHRi RAM JETHMALANI; What do you think, Sir, of all that is being said? Everything is being said about me. Who is he talking about? *(Interruptions')* You feel that this has nothing to do with me. Why don't you ask him? (Interruptions)

SHRI RAM JETHMALANI; Ask him, who he is talking about.

THE VICE-CHAIRMAN; (SHRl JA GESH DESAI): P!ease sit down- He has not taken your name. (Interrup -tions.). ... .^iM

डा० रत्नाकर पाण्डेय : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि उस सेनेटर का नाम वैली हर्गर है और यह सिनेटर अमरीका में खालिस्तान का सबसे बड़ समर्थक है । इस सिनेटर ने अमरीकी संपद में एक संशोधन रखा कि भारत को सभी प्रकार की डवलपमेंट असिस्टेंस रोक दी जाए जब तक कि अमरीकी प्रधान जार्ज बुश अमरीकी कांग्रेस को यह आश्वासन न दें कि भारत सरकार ने पंजाब में ज्यादतियों से संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की है । यह संशोधन 212 के मुकाबले 204 मतों से गिर गया सिर्फ थोड़े से वोटों से यह संशोधन अमरीका की सिनेट में पास न हो सका । अगर ऐसा हो जाता तो भारत की स्थिति क्या होती इसकी कल्पना आप कर सकते हैं । मैंने आपके सामने एक सच्चाई को रखा है । अब ध्यान देने की बात यह है कि अपना संशोधन पेश करने से केवल एक घंटा पहले हर्गर और इस सदन में बैठे हुए एक सदस्य जो खालिस्तान के समर्थक हैं जो भारत को एड न दी जाए अमरीका के एक ऐसे सिनेटर से जाकर के बात करते

SHRi B. SATYANARAYAN REDDY; I want to know who is that person.

SHRI MOTURU HANUMANTHA RAO: He makes allegations against on hon. Member of this House. (Interruptions). So he should be given a chance to reply.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); Please sit down.

हैं हर्गर ने जब यह संशोधन पेश किया था उसके एक घंटा पहले इन दोनों के बीच में बातचीत हुई और इस सदन में वह सदस्य बैठा हुआ है और अपने ऐसे कार्यों के लिए वह हर्गर से मिलाप एक घंटा पहले (व्यवधान) खालिस्तान बनाया जाए भारत में (व्यवधान)

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : सच्चाई सुनने की हिम्मत तो रखें। (व्यवधान)

डा० रत्नाकर पाण्डेय : एक घंटा पहले जब यह मतदान हुआ, हर्गर सदन में गया उसके पहले, इस सदन के एक माननीय सदस्य ने हर्गर से मंत्रणा की, परामर्श किया, मीटिंग की कि भारत में खालिस्तान बनाया जाए, भारत संबंधी जो आर्थिक सहायता अमरीका से मिलती है वह न मिले । (व्यवधान)

श्री चतुरानन मिश्र : श्रीमन्, मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है । अगर वह कहेंगे कि इस सदन के एक माननीय सदस्य और नाम नहीं लेंगे तब तो कल हमारे बारे में शक हो जाएगा (व्यवधान)

श्री सुरेन्द्र सिंह (हरियाणा) : आप नहीं हैं ।

श्री चतुरानन मिश्र : आप जरा सुन लीजिए । आपके बारे में बाहर यह हो सकता है कि आप भी यह आदमी हो सकते हैं । इसलिए यदि बोलना है तो नाम भी लीजिये नहीं तो सबों पर इस तरह से एस्पर्शन मत कीजिये कि इस हाउस का कोई न कोई आदमी वहां पर था (व्यवधान)

डा. रत्नाकर पाण्डेय : उपसभाध्यक्ष जी, मैं अपनी बात कह रहा था कि अपनी

अमरीकी यात्रा के दौरान दो बार हर्गर से उस सदस्य की भेंट हुई । श्री हर्गर अमरीका में कैलिफोर्निया चुनाव क्षेत्र से आते हैं वहां खालिस्तान समर्थक लोग काफी संख्या में रहते हैं और धनी भी हैं और उस धन से हर्गर जैसे लोगों की खूब सहायता करते हैं । अपनी लंदन यात्रा के दौरान भी उस सदस्य ने लंदन के गुरुद्वारों के अन्दर खालिस्तान समर्थक भाषण दिये और अमरीका में जब उनको गुरुद्वारों में आमंत्रित किया गया **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : यह आपत्तिजनक है, नाम क्यों नहीं लेते हैं ? यह तो सन्देह हम पर भी किया जा सकता है **(व्यवधान)** यह क्या है, नाम लिया जाए ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मैं नाम लूंगा, यथासमय लूंगा **(व्यवधान)**

श्री मुख्तियार सिंह मलिक (हरियाणा) : यह क्या है, जब वह कहते हैं तो नाम लेना चाहिये, नहीं तो यह तो यहां पर बैठे हुए हर एक सदस्य पर इल्जाम हो सकता है । मेरे पर भी हो सकता है ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : आप लोग नहीं हैं । एक सदस्य हैं और चोर की दाढ़ी में तिनका होता है । मैं नाम लूंगा मुझे अपनी बात कहने दीजिये । **(व्यवधान)** प्रत्येक सदस्य को चुनाव घोषणा पत्र पर चुनाव से पहले हस्ताक्षर करने पड़ते हैं । और प्रभुत्ता की रक्षा करेगा और ऐसी ही शपथ उसे सांसद बनने के बाद संसद में लेनी पड़ती है । मैं इस सदन के उस माननीय सदस्य से पूछना चाहता हूं कि क्या उन्होंने संविधान का उल्लंघन नहीं किया है.... **(व्यवधान)** क्या उन्हें देश विरोधी गतिविधियों में भाग लेने के कारण, भारत की एकता को तोड़ने के जुर्म में संसद की सदस्यता से फौरन नहीं खारिज कर देना चाहिए और नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार करके मुकदमा

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl JAGESH DESAI); No, that will not go on और....

record. No body can make any allegations except where he has given notice of to the Chair.

डा. रत्नाकर पाण्डेय : मैंने जो कुछ कहा वह प्रमाणपूर्वक कहा है और सारी चीजें सही हैं, अगर कोई एक चीज़ गलत हो तो उपसभाध्यक्ष जी मुझे जो सजा आपको देनी हो दीजिए.... **(व्यवधान)***

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY (Andhra Pradesh). He should be given a chance to reply.

श्री कमल मोरारका (राजस्थान) : पाण्डेय जी, दो मिनट हमको देंगे ।

Sir, we are all supposed to be responsible Members of the Rajya Sabha...,,:

AN HON. MEMBER: Supposed to be?

SHRi KAMAL MORARKA; I cannot go beyond it and say that we are supposed to be, alter seeing what is going on. i am choosing my words: carefully. Let me make my submission to the Chair. It is right that there are lot of issues on which we have difference of opinion and we will disagree. To disagree is our job. But to disagree, we need not be disagreeable. We need not throw invectives at each other. We need not abuse each other. Now for the last few days, in the absence of Mr. Jethmalani, his name *is* being taken and lot of things are happening. Today fortunately he is also sitting here. According to me, there are three options and the Chair can rule any of these options. Either you rule that no allegation can be made in the speech without pervious permission of the Chairman, which is according to the rules of the House, *iti* Which, case neither any name should; be taken nor an oblique reference should be made *to* any jMember. Now everybody knows which Member he is talking about. The second option is, Which I don't mind if the Chair exercises, let him make all allegations against Mr. Jethmalani and Mr. Jethmalani will have the chance to answer. ...

*Not recorded.

THE VICE-CHAIRMAN tfSHRI JAGESH DESAI); I will not allow any Member to make any allegation against another Member.

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY: You hav$_e$ already allowed-

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY: It is already on record. *

SHRI KAMAL MORARKA: The second option _____ ,

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); I will not allow any Member to take the name of any Member.

SHRi D. B. CHANDRE GOWDA (Karnataka); Thea what is all this Sbout? He was referring to him only.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl JAGESH DESAI). Why do you want to put th-j cap on you$_r$ head?

SHRI D. B. CHANDRE GOWDA: No, he said it.

THE VICE-CHAIRMAN (.SHRl JAGESH DESAI). i have already said that the name Will not go on record.

SHRi KAMAL MORARKA; If he makes an allegation even without referring! to the name, and ^ it *[8] obvious whom he is talking about, th$_e$ Chair can rule, we have no objection, let him mako all the allegatiors, but Mr. Jethmalani wili have a chance to reply, which is the principle of natural justice. Mr. Jethmalani should have the chance to reply. The third option is, when we are discussing this delicate issue of Punjab, I do not undertand Why should we blame each other for breaking the country. Everybody has taken oath of the Constitution. Our strategy may be different W$_e$ as a Pnrty may not agree, but we may accuse you of breaking the country and you may accuse for breaking the country. What is the us$_e$ of all this?

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu) *i* Sir. ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); No, no.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN. Sir he has yielded to

me ^*ov* a second. What Mr. Morarka was saying, is absolutely right, about th$_e$ right to disagree. But I want to say one thing more $_a$°out our having difference ot opinion and we should not become disagreeable. I want to remind a[11] the Members that yesterday w$_e$ were raising a point. I was saying some, thing about Andhra Pradesh Chief; Minister. Mr. Satyanarayan Reddy was sitting over there. He said such terrible things about me sitting over there. Was that all right? Where were all o{ you then?

SHRI KAMAL MORARKA: No, nothing is all right.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN: why didn't you tell them also? He insulted me. How can you allow all those people to insult me? They are trying to intimidate us. Is that all right? *{Interruptions)* He insulted me. Even when h$_e$ passes me in the corridor h$_6$ insults me. He does not have the least decorum.) am saying this in his presence. That is perfectly all right! But when We say something political about .. (Interruptions)

डा० रत्नाकर पाण्डेय : उपसभाध्यक्ष महोदय, ... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : अब आप समाप्त कीजिए । आपका टाईम हो गया है ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : माननीय उपसभाध्यक्षजी, मैं जानना चाहता हूं कि क्या उक्त माननीय सदस्य अमरीकन सेनेटर से नहीं मिले थे और एक घंटा पहले नहीं मिले थे, जिसने भारत विरोधी नीति पर मतदान करवाया कि खालिस्तान बनाया जाए और 204 वोट और 212 वोट का फर्क था ?

अगर यह झूठ हो, तो मुझे जो भी सजा देनी हो, दीजिए । नहीं तो मुझे अपनी भावाव्यक्ति में बाधा मत डालिये । भारत की राष्ट्रीयता के साथ कोई सौदा करे और इस सदन का सदस्य हो, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । धरती माता है और बेटे सब मां का सौदा नहीं किया करते । भारत माता का सौदा करने वालों

को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे । इस देश में पंचमामियों को.... (व्यवधान)

मुझे कहने दीजिए । भावाव्यक्ति पर नियंत्रण मत लगाइये.... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) उनका समय हो गया है ।.... (व्यवधान)

डा० रत्नाकर पाण्डेय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं इसी संदर्भ में कहना चाहता हूं कि.... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl JAGESH DESAI); Dr. Pandey has taken eighteen minutes so far. JTe has only two more minutes. Not more than two minutes. He should conclude within two minutes.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मान्यवर, मुझे पांच मिनट और समय दिया जाए । मेरा सारा समय लोगों ने प्वाइंट आफ आर्डर करके.... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : नहीं, आप अपनी बात दो मिनट में समाप्त कीजिए ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मुझे पांच मिनट और दीजिए । मैं कहना चाहता हूं कि मैंने 14 जून, 1989 को प्रधान मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया था । बम्बई के एक बहुत बड़े तस्कर जिसने करीब 90 करोड़ रुपया का फेरा में उल्लंघन किया है .... (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); Dr. Pandey, please avoid all such references,

i DR. RATNAKAR PANDEY; , Sir, this is true. \ have signed it and se[nt] it to the Government.

THE VIC&CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); It is not relevant. It will not go on record.

DR. RATNAKAR PANDEY: *

SHRr PAWAN KUMAR BANSAL (Punjab):* Sir. you should not rule Whatever he says. *({Interruptions}*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): If any Member..*(interruptions)*

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Sir, I want to make a submission. Dr. Pandey is making certain allegations. The hon. Member is present here. He can deny that. Dr. Pandey is prepared t_0 face an enquiry. He is saying this with all responsibility. Unless h_e uses unparliamentary expressions, please do not rule it out. (Interruptions)!

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI). If any Member wants to make any allegation against another hon. Member, he has to give notice to the Chair. (^Interruptions) No. Without that be cannot do it. This is m ruling. (Interruptions)

डा० रत्नाकर पाण्डेय : *को बचाने की कोशिश की, यहां तक कि कलकत्ता हाई कोर्ट से स्टे लिया गया ।* की बहिन बम्बई की रहने वाली है और अपने प्रभाव से आज तक इस देश का 90 करोड़ रुपया दबा रखा है, फेरा का गबन करने वाले लोग इस सदन में बैठे हों ।

उपसभाध्यक्ष जी, राष्ट्र पर खतरा अपने देश के पचमांगियों से है, विदेशियों से हम निपट लेंगे । खालिस्तान की मांग करने वाले जो विदेशों में बैठे हुए लोग है, उनके जो यहां पर बैठे हुए नमाइंदे हैं और जो इस देश में भारत मुक्ति मोर्चा के नाम पर, चाहे सीनेटरों से मिलने के नाम पर, जो भारत के टुकड़े-टुकड़े करना चाहते हों, खालिस्तान बनाना चाहते है, इस देश को बांटना चाहते है, ऐसे लोगों से इस देश की रक्षा करनी होगी ।

खालिस्तान की समस्या ने इन्दिरा गांधी को हमसे छीन लिया और आज ऐसे लोग साजिश कर रहे हैं कि राजीव गांधी की हत्या करा दी जाए । मैं इस सदन में यह रेकार्ड करवाना चाहता हूं कि विदेशी ताकतों से मिल कर के आज साजिश रची

*Not recorded.

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

जा रही है कि भारत के प्रधान मंत्री, राजीव गांधी, पर आक्रमण करवाया जाए और उन्हें इस धरती से उठा लिया जाए। पंजाब की समस्या हल होगी और इस देश की जनता हल करेगी। इस देश की जनता सतज, व्यास, रावी, जैहलम, चिनाव, सिंध नदियों के पानी को जितना खून चाहिए कोटि-कोटि जनता देगी, लेकिन अपने देश में राम जठमलानी जसे लोगों को*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl JAGESH DESAI); NO, no, this will not go on record.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : उसे बर्दाश्त ही करेगी और ऐसे लोगों के कारण आज पंजाब की समस्या बनी हुई है। यहां यह जो विनियोग विधेयक इस सदन में हमारे माननीय वित्त मंत्री जी लाए हुए है उसका मैं समथन करता हूं और विश्वास करता हूं कि पंजाब के लोगों के हाथों में बंदूक की जगह काम होगा और उनका मानसिक धरातल जो दूषित कर दिया गया है उस दूषण की जगह ऐसे शीतल सुभित मंद बयार उनके मानस पटल में बहेगी जिससे इस देश में सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया" की भावना व्याप्त होगी और इस देश में एक भी व्यक्ति अगर सीमा का अतिक्रमण होता है हमारे पंजाब के सटे हुए बार्डर पर और*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl JAGESH DESAI): No, na Don't record all this.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : ऐसी चीजों से पंजाब की समस्या को हल नहीं किया जा सकता। ऐसे लोगों को डी०आई० आर० में बंद करना चाहिए। और*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl JAGESH DESAI); This will not go on record.

डा० रत्नाकर पाण्डेय: इन शब्दों के साथ, मैं अपने वक्तव्य को समाप्त करता हूं और जो विनियोग विधेयक प्रस्तुत किया गया है इसका मैं समर्थन करता हूं

SHRI RAM JETHMALANI; What is this going on in the House? Youu must prevent this kind of allegations...

THE VICE<:HAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): 1 have said that this will not go on record. Please sit down. *(Interruptions}*. I have told them that this will not go on record.

SHRI RAM JETHMALANI:*

THE VICEJCHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI). Now you are doing it. Please sit down. *(Interruptions),*

SHRI M S. GURUPADASWAMY. (Karnataka): He is under attack.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH. DESAI); I have already instructed them not to'record it. *(Interruptions)*. Nothing will go on record. Any Member saying about any other Member will not go on record. Now Mr. Chaturanan Mishra will speak. *(Interruptions)*.

SHRI RAM JETHMALANI:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI). Now you are doing it. *(Interruptions)*. I condemn the behaviour of Shri Ram Jethmalani. (Interruptions). Please sit down.

SHRI RAM JETHMALANI:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI). I have condemned the behaviour of Mr. Ram Jethmalani.. Such kind of allegations made by such a senior Member are to be condemned.

SHRI RAM JETHMALANI: What about that side? You have never condemned their behaviour. You have to condemn that also. This is partisanship.

*Not recorded.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No, no, everytime I have said that that would not go on record. *(Interruptions}.!* have told them not to record.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No, I have not allowed anybody.... Please sit down now ....I am on my legs now.....No, no, I havp not allowed you.... No, no.
Please sit down _____ Mr. Ahluwalia, please sit down.... .It will not go on record, j have said what j. wanted to say ___ *(Interruptions)*

SHRI B. K. GADHVI: Sir, can I make a very small submission; You have already ruled that unparliamentary utterances will not go on record. I will request you also to condemn the stance of the speech made by the Member, it should be condemned.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Yes, I have told him. . . . No, nobody can expel any Member. You have no right. We have no righ. Please sit down. Don't demand anything which is not practical. It cannot be done. Please don't demand such things.

श्री चतुरानन मिश्र : उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी एक बहुत ही गंभीर समस्या पर यह सदन विचार कर रहा था । लेकिन हम थोड़ा कन्फ्यूजन में पड़ गए थे, यह मंत्री महोदय ने जो विनियोग विधेयक रखा, ऐसा लगा पाण्डेय जी के भाषण से कि सारा रुपया रामजेठमलानी जी को मिलने वाला है और इसलिए एतराज है । बाद में मैंने पढ़ा तो लगा कि नहीं, यह पंजाब के लिए रुपया है । तो यह बहस कर रहे थेजेठमलानी जी पर, कि सारा रुपया उन्हीं को मिलता हो और इसलिए सारा अपना ध्यान उन्होंने इन्हीं पर केन्द्रित किया । यही उनका इस गंभीर समस्या पर रवैया है, यह अत्यंत दुखद है ।

महोदय इस सदन से जब कभी सरकार नेजो कुछ मांगा पंजाब के लिए जितना रुपया उसके लिए मांगा, सदन ने आपको दिया । जो कानून आपने पंजाब के लिए बनाना चाहा, सदन ने पास कर दिया; पूरे सदन ने पास कर दिया। इसी तरह जो प्रस्ताव आपने पंजाब के लिए कहे, सदन ने पास कर दिए । लेकिन अब तो पांच वर्ष हो गए, इंदिरा जी की हत्या के बाद पांच साल से ज्यादा हो गए, फिर भी आपने इन रुपयों को लेकर के, सारे कानूनों को लेकर के पंजाब की समस्या का निदान नहीं निकाला रोज-रोज वहां हत्याएं हो रही हैं, निरपराध लोग मारे जा रहे है । अभी मोगा में जो काण्ड हुआ, उसे आप जानते ही हैं। हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाल ही में मारे गए । अखबार का वितरण करना कठिन हो गया है, हॉकर जैसे गरीब आदमी मारे जा रहे हैं, जो कि अखबार बेचते हैं । यानी अखबार की भी स्वतंत्रता खतम हो जाय, इसकी बात हो गयी है रोज हिटलिस्ट पर लोग हैं हमारे । राजनीतिक पार्टियों के लोग जो खालिस्तानियों की खिलाफत करते हैं, उनके लिए काम करना असंभव हो रहा है। अब आप हमको बताइए हम आपसे यही पूछना चाहते हैं कि पांच साल से ज्यादा समय के लिए आपका हम इंतजार करें या अब आपसे मांग करें कि आप नालायक हैं, आपसे नहीं हो पाया और अब दूसरो को संभाल दें । मैं आपसे यही पूछने के लिए आया हूं, दूसरा सवाल मुझे आपसे इस संबंध में नहीं पूछना है ।

महोदय, मैं यह इसलिए पूछ रही हूं कि जो भी आवश्यक काम था पंजाब की समस्या के निदान के लिए, उस प्रत्येक काम में आप फेल रहे । पहला काम, उपाध्यक्ष महोदय, यह था, यह बात ठीक है कि पंजाब के लोगों का इतिहास बहुत ही गौरवशाली है, स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने बहुत ही बलिदान और कुर्बानियां दीं । हमारे अहलुवालिया साहब ने इस संबंध में उद्धरण भी पेश किए और बिना उद्धरण

[श्री चतुरानन मिश्र]

के भी हम जानते हैं कि ऐसा हुआ लेकिन सवाल यह है उनके खिलाफ तो आज हम कुछ नहीं कर रहे हैं, आज तो हम कर रहे हैं भिंडरवाला साहब के लोगों के खिलाफ, खालिस्तानियों के खिलाफ इतिहास तो हमारा, आपका, सबका उज्जवल है । इस सदन में हमसे, आपसे पहले जो माननीय सदस्य हो गए, उन लोगों ने जो कुछ कहा था, उसी के अनुरूप हम लोग उज्जवल काम कर रहे हैं या नहीं ? यह तो जब प्रोसिडिंग पढ़ेंगे तब पता चलेगा कि हम लोग उसी तरह से हैं या नहीं ? तो इतिहास से तो काम नहीं चलेगा वर्तमान परिस्थिति पंजाब के अन्दर यह है कि सिख समुदाय का एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान को बार्डर से लगा हुआ है—अमृतसर, गुरुदासपुर, तरनतारन वगैरह, वहां के काफी लोगों के दिमाग में यह बात बैठ गयी है कि ये टेररिस्ट्स उनके हितों के लिए लड़ते हैं, खालिस्तान उनके हक में है हमारे धर्म में लिखा है, इसलिए हमको उसके लिए मरना चाहिए। आप इसे मानें या न मानें लेकिन यह सचाई है और वहां कितना गेहूं उगता है, कितनी धान उपजती है इससे इसकी तलना नहीं हो सकती । यह बात अवश्य ही विचारणीय है कि आजादी के बाद इस तरह की घटना क्यों घटी और क्यों लोगों का विचार ऐसा बदला है यह आपको सोचना चाहिए कि किस ढंग से राष्ट्र चलाएं ?

महोदय, हमारी पार्टी के बहुत-से लोगों ने अपना जीवन कुर्बान किया है, लेकिन हम इस बात को जानते हैं कि आज पंजाब के अंदर हम 10 परसेंट से ज्यादा गांवों में जा नहीं पाते यह सच्चाई है । कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि बिना हथियार लिए जा सकते हैं । हो सकता है कि उनकी हिट लिस्ट में नाम नहीं होगा लेकिन सच बात तो यह है कि जो खालिस्तान की खिलाफत करेगा जो आतंकवादियों की खिलाफत करेगा वह वहां नहीं जा सकता । उसे नहीं जाने देंगे । अगर आप चुनाव कराएंगे तो वे वोट नहीं देने देंगे । यह भी सच है कि पंजाब के लोगों ने उसकी गौरवशाली परम्परा को कायम रखा है और वहां हिंदू-सिख दंगे नहीं होने दिए हैं । लेकिन यह भी सच्चाई है कि इन आतंकवादियों के डर से गांवों में जो हिंदुओं का एक छोटा हिस्सा था, वह भागकर शहरों की ओर आया है इसलिए सच्चाई से मुकाबला करने के लिए जरूरी था कि एक राष्ट्रीय अभियान चलाया जाता। हम सब मिलकर इस काम को करते, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि शासक पार्टी के नेताओं ने ऐसा नहीं होने दिया । आप पर हम चार्ज लगाते हैं । आप सबसे बड़ी पार्टी के लोग थे, आप इस अभियान को चलाते। तमाम लोगों को साथ लेते । विरोधी दल के लोगों ने अनेक बार कहा है कि ऐसा राष्ट्रीय अभियान चलाया जाय, लेकिन आपने अपनी पार्टी के संकीर्ण हित के कारण ऐसा नहीं होने दिया । यह अभियान नहीं चलने पाया अगर वहां सभी दल के लोग मिलकर जाते और वहां की जनता को कहते... (**व्यवधान**)...

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : पंजाब के डिस्कसन में तो विरोधी पक्ष जाता ही नहीं है।

श्री चतुरानन मिश्र : प्रधान मंत्री कोई मीटिंग नहीं बुला रहे हैं । हम लोग बार-बार कह रहे हैं.... (**व्यवधान**)... आप को क्या पावर है मीटिंग बुलाने का... (**व्यवधान**) ... उनके कहने का महत्व है । कई बार हमने मांग की है कि आप मीटिंग बुलाइए, हम सभी लोग मिलकर कोई रास्ता निकालेंगे... (**व्यवधान**)... नेशनल इंटीग्रेशन की मीटिंग नहीं बुलाते । कहते हैं, हम बुलाएंगे, हम बुलाएंगे । कब बुलाएंगे ? हम मर जाएंगे तब बुलाएंगे ? देश के टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे तब बुलाएंगे ? चुनाव की तारीख तय हो जाएगी तब बुलाएंगे ? वहां लोग मारे जा रहे हैं, वहां अखबार नहीं चल सकता वहां प्रेस को आजादी नहीं है, वहां लोग घूम नहीं सकते, आप कहते हैं बुलाएंगे । अभी विदेश से आते हैं, लंदन से आते हैं,

अमरीका से आते हैं। देश में आग लगी हुई है और आप कह रहे हैं कि हमने श्रीलंका अखंडता की रक्षा के लिए फौज भेजी हुई हैं। यहां हमारी अखंडता पानी की तरह बह रही है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि आप पहल में चूक गए। अगर पहले के नेता होते—नेहरू जी होते, गांधी जी होते या उस कैटेगरी के आदमी होते तो यह नहीं होने देते। संपूर्ण राष्ट्र को विश्वास में लेकर इस समस्या का समाधान निकालते।

श्री पवन कुमार बांसल : वहां आप क्या चाहते हैं... **(व्यवधान)**...

श्री चतुरानन मिश्र : हम चाहते हैं कि सभी लोग मिलकर वहां जाते और जनता को कहते।

श्री पवन कुमार बांसल : वहां आपके साथियों ने लोगों को भड़काया था।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : बांसल जी, उन्हें बोलने दीजिए।

श्री चतुरानन मिश्र : आप राष्ट्र के इस परम् कर्तव्य को पूरा करने में असफल हुए हैं, हम यह कहना चाहते हैं। आपको गद्दी पर रहने का कोई अधिकार नहीं है, हम यह कहना चाहते हैं।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार की एक यूनिक क्वालिटी है टू एटोगोनाइज एवरी बाडी। हमारे जितने भी पड़ौसी देश थे इन्होंने सब को विरोधी बना दिया। श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश—सभी को, इन्होंने ऐसी अच्छी विदेश नीति बनायी कि विरोधी बना लिया हैं। अब आप घर में देख लीजिए कि जितनी पालिटिकल पार्टीज हैं, वह हमको टाकिंग टर्म्स में भी नहीं रहने देंगे। राष्ट्रीय समस्याओं के ऊपर भी हम विचार नहीं कर सकते हैं। एक सवाल उठा देंगे कि उन्होंने वहां भाषण दिया। भाषण दिया-जेठमलानी ने तो कौन रोके हुए हैं आपको, चेयरमैन आपके हैं, मोशन ले आइए, डिस्कस कीजिए, और अगर उन्होंने गलत किया हैं तो पनिश कीजिए और नहीं किया है तो आप यह सब बंद कीजिए, जैसा आप कह रहे हैं। तो मैं कह रहा था कि अभी पंजाब में इन्होंने क्या किया? पंजाब में दो किस्म के लोग हैं जो मतभेद रखते हैं। एक कुछ आतंकवादी हैं और दूसरे ऐसे लोग हैं जो आतंकवादी नहीं हैं लेकिन वे भी कुछ अधिकार चाहते हैं। लेकिन आपने अपनी नीति के चलते बादल, बरनाला, भान आदि जितने हैं सबको एक कौम में कर दिया हैं कि तुम सब मिलकर हमारे खिलाफ हो। यह कोई अकलमंदी है क्या? कोई राज चलाने का रास्ता है क्या? टोटली पॉलिटिकस फेल्योर है। जैसा मैंने पहले नेशनल केम्पेन चलाने के बारे में कहा, वैसे ही मैं कह रहा हूं कि अगर राज चलाना है तो कम से कम इतना तो देखिए कि मैक्सिमम यूनिटी किन लोगों को लेकर के हम कर सकते हैं अगर हमारे साथ थोड़ी सी भी सहायता, करने के लिए तैयार हो। Enlist their cooperation. This is the call of the moment. लेकिन आप इसकी बजाय इसको जेल में रखो, उसको रखो, यह करो, अगर सारा भारत जेल में ही रह जाएगा तो रहेगा कहां? अगर आपकी यह बात सच हो कि हम सभी अनपैट्रियाटिक हैं तो देश आप चला लीजिए। यह हो नहीं सकता, इसलिए इस सरकार की एक यूनीक क्वालिटी है कि antagonise maximum number of people. और यह सैकिण्ड फेल्योर है।

थर्ड फेल्योर यह है कि बार्डर पर जो सिक्योरिटी होनी चाहिए, सीमा के पार से ट्रेण्ड व्यक्ति नहीं आएं, इसको रोकने में यह असफल रही है। यह आपकी ही असफलता नहीं हैं, अगर हम देखेंगे तो आज विश्व के सारे बार्डर्स स्मगलर्स के हाथों में चले हुए हैं, बहुत कंट्रीज सफर कर रही हैं। लेकिन मंत्री महोदय, हम तो रक्षा आपको देते हैं न और इसी उम्मीद से देते हैं कि कम से कम सीमा पार से आप अवैध हथियार नहीं आने देंगे, अवैध व्यक्तियों को आप नहीं आने देंगे, स्मगलिंग को आप रोक देंगे।

[श्री चतुरानन मिश्र]

इसमें टोटल फेलियर आ है । आप कुछ नहीं कर पा रहे कुछ नहीं कर पा रहे। हम लोगों पर उछल-उछल कर कूदते हैं लेकिन वहां पर जब हथियार आते हैं तो आप साइड रहते हैं, वहां उछलते नहीं । यहां जितना आप कूदते हैं उसका चौथाई हिस्सा वहां भी कूदिए तब देखा जाएगा कि कोई आया था नहीं आया । अब आपकी कार्रवाई ऐसी हो रही है कि पंजाब में तो हो हो गया, अब काश्मीर में भी हाथ लग गया, अब वहां भी आ रहे हैं । अभी तो नहीं बोलेंगे हमारे मट्टू साहब, लेकिन भीतर ही भीतर जानते हैं कि ट्रेण्ड लोग आ रहे हैं, कुछ मुट्ठी भर लोग आ रहे हैं लेकिन खुराफात करते चले जा रहे हैं तो वहां से वहां तक चला जाएगा। यहां रेगिस्तान में हम सोचते थे कि कोई नहीं जाएगा वहां पर लेकिन सुनते हैं कि सब हथियार वहां से ही आ रहा है। तो यहां किस मर्ज की दवा है? जब आप बार्डर को हिफाजत नहीं कर सकेंगे, जान माल की हिफाजत नहीं कर सकेंगे, इज्जत की सिफाजत नहीं कर सकेंगे, प्रैस की फ्रीडम की हिफाजत नहीं कर सकेंगे तो हमारा रुपया किसलिए लेंगे, भोजन करने के लिए? इसलिए यह थर्ड फेल्योर है ।

चौथा हमारा प्रश्न है सिखों की भावनाओं की कद्र करने का । अध्यक्ष महोदय, हम एक तरफा नहीं बोलेंगे। बहुत लोग बोलते हैं कि सिख लोगों की भावनाओं की कद्र करें, हमारा ख्याल है सिखों की जायज मांगों की कद्र करें। अगर सिखों की ऐसी भावना हो कि इन्दिरा जी की हत्या हो और मिठाई बंटे तो इसकी हम कद्र नहीं करेंगे, यह हम साफ-साफ कह देना चाहते हैं। अगर सिखों की भावनाओं की कद्र होगी तो मुसलमानों की भी भावनाओं की कद्र होगी हिन्दुओं की भावनाओं की भी कद्र होगी सबकी भावनाओं की कद्र होगी । उनकी कद्र सरकार करने में असफल ही है दिल्ली में रायट हुए, बिहार में, बिहार कलंकित हो गया बोकारो में और कुछ जगहों पर। क्या यह संभव नहीं है कि हम इन मुकदमों का जल्दी से जल्दी फैसला कर दें? कुछ का किया है। गवर्नमेंट कहती है कि हम गुप्त कर रहे हैं और फिर एक दिन कह देंगे कि इतने आदमी का यह हुआ। तो आप गुप्त कीजिए तो आतंकवादी के हाथ में फिर छोड़ दीजिए, वह कहेगा और गुप्त प्रचार करता रहेगा कि सरकार कुछ नहीं करती। इसलिए आपने उसको नहीं किया। तमाम जोधपुर के डेटन्यूज को छोड़ दीजिए यह हम नहीं जानते, लेकिन इतना हम जानते हैं कि बिना मुकदमा चलाए हुए आप इतने बरसों तक किसी को जेल में क्यों रखे हैं। अगर चार्जेज हैं तो मुकदमा कीजिए नहीं तो छोड़ दीजिए। हमारे विधान का यही अर्थ है। जिनके लोग मारे गए वे अत्यंत दुखी हैं, जो दंगा किए हैं उन पर जो मुकदमा आपको चलाना चाहिए वह आप नहीं कर रहे हैं। तो यह जो जायज भावना है सिखों की उनकी कद्र करिए और उसका निराकरण करिए। अगर 5 वर्ष में भी आप नहीं कर सकते हैं तो आप किस लिए रहना चाहते हैं? आप कहिए कि 10 वर्षों तक यह पार्लियामेंट चले। आप नहीं कर सकते हैं तो दूसरों को करने दीजिए।

महोदय, पांचवां विवाद जल विवाद है जिसके बारे में लोंगोवाल ऐग्रीमेंट हुआ था। पहले के जो प्रधान मंत्री थे वे प्राइम मिनिस्टर आफ ऐकार्ड थे अब के जो प्रधान मंत्री हैं वे सब ऐकार्ड हो गए एक एक करके। श्रीलंका का आप देख रहे हैं। रात भर बेकार गई। अब दिन में बातचीत हो रही है। दो दिन बेकार चले गए। खाली बयान आता है कि बहुत सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हो रही है । यह रोज हमको रिपोर्ट मिल रही है, लेकिन सिचुएशन चेन्ज है । अब आपकी सरकार नहीं है हरियाणा में । आपने मौजूदा सरकार से बातचीत की लोंगोवाल ऐग्रीमेंट

के बारे में कि उसका क्या करना चाहिए? राजस्थान सरकार को बुलाकर आपने बात की कि जल विवाद, चंडीगढ़ और दूसरे प्रश्नों पर क्या करना चाहिए? जहां आपकी सरकार है वहां भी आप विफल हैं जहां पर नहीं है वहां भी विफल हैं। सारी चीजें देखकर कुछ समस्या का हल निकालना चाहिए था इस पर आपने कभी सोचा है?

SHRI B. K. GADHVI: Has not Mr. Devi Lal declared that he is not accepting Rajiv-Longowal accord as soon as he came into power?

SHRI CHATURANAN MISHRA: He - might have declared but then you should have asked him what is the solution to this national problem. How to do it? It is your job Mr. Minister as you are running the Government, to see that these things are done, "iou are not here just to go on shouting as we in the Opposition are doing. What is happening? The majority of your Members are behaving' like Oppo- ' sition leaders. Unfortunately, we don't have any writ to run the Government; otherwise you would have started shouting' like us. That is what I am telling you. It is your, business to go to them, to talk to them and to find out a solution. How long his situation can continue? should we make it another Lebanon? I am asking you this question as a humble citizen of this country.

हम आपसे पूछना चाहते हैं कि हम बेरुत बना दें हम देश को लेबनान बना दें? आप हमको उसी दिशा में ले जा रहे हैं। इसीलिए मैं कह रहा हूं कि आपको पैसा देना जमुना में रुपया फैंकना है। जब आप इतना भी नहीं कर सकते हैं तो दूसरे दलों की सरकार बनेगी, आप सात समुद्र पार चले जाइए। अगर आप अपनी तुलना कीजिए नेहरू से तो यह होने वाली बात नहीं है।

Once the child is delivered, can it go back to the womb? That is why I am telling you these things. You have to do it.

यह एक ही सरकार के बारे में नहीं है, यह सब सरकारों के बारे में मैं आपसे कह रहा हूं एक महत्वपूर्ण बात और है। आनन्द-पुर साहब रेजलूशन ओरिजनल क्या है, यह हम नहीं जानते हैं। हम उसका इम्प्लीमेंटेशन जानते हैं।

The largest number of innocent people must be murdered. This is Anandpur Sahib resolution. This is what I have understood. So, I. know the implementation. part. I might not have read the original- resolution.

इसमें हम आप से कहेंगे कि यह सेंट्रल क्वेश्चन बन गया है। समय नहीं है इसलिए मैं चाहूंगा कि इन 6 मुद्दों पर राष्ट्रीय अभियान चलाइए।

The Akali party has raised about the Centre-State relations. After the Sarkaria Commission's report, have you solved- that problem? Have you token any steps in this regard?

आतंकवाद के खिलाफ जितने लोग हो सकें उनसे पूरा कोआपरेशन लें। उनको साथ लेकर निकलें। सीमा पार के लोग जो आ रहे हैं उनको रोकें, हथियारों को रोकें, इस क्वेश्चन को ला एंड आर्डर का क्वेश्चन न समझ कर पालिटिकल क्वेश्चन नहीं समझना, सिख समुदाय की भावना की कद्र करना, चंडीगढ़ और दूसरे मामलों को लेकर सम्बन्धित सरकारों से बातचीत करें, केन्द्रीय और राज्य का सम्बन्ध बनायें, ये छः प्वाइंट प्रोग्राम लेकर चलिये ताकि कुछ हो सके। लेकिन आपको टाइम ही कहां है। आप जो चला सकते हैं। बाद में जो होगा देखा जायेगा।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: दिन में सपने देखने कोई से रोक सकत है क्या?

श्री चतुरानन मिश्र : न तो दिन में सपना देखने से रोका जा सकता है और न सपनों में उछलने के बाद गिरने से रोका जा सकता है। दोनों को कोई नहीं रोक सकता। One can meet with an accident also. I can't help it. मैंने आप से यह कहा कि एक बहुत खराब बात हो गयी और वह यह कि जो दंगों के विक्टिम हैं जो किसी तरह से सताए हुए हैं उनको रिलीफ देना हमारा फर्ज है। रिलीफ इस ढंग से दिया जा रहा है जिसमें कम्युनल चीज है। रिलीफ के लिए मंत्री महोदय को कोई भापदण्ड स्थापित करना चाहिए। मैं आपको एक उदाहरण देता हूं कि मेरे कहने का मतलब क्या है। दंगे में जो परिवार मारे गये पंजाब के अंदर उनको पहले 10 हजार मिलता था अब 20 हजार किया गया। अभी उनको 250 रुपये विडोज को पेंशन के रूप में दी जाती है तीन साल के लिए। तीन साल होते है या नहीं यह अलग बात हैं। अब मैं डिस्क्रिमिनेशन की बात कह रहा हूं। वहां ढाई सौ रुपये हैं तो दिल्ली में 400 रुपये हैं। वहां जितने आतंकवादी हैं वह प्रचार करते हैं कि देखो, पंजाब में 250 रुपये मिल रहे हैं और दिल्ली में 400 मिल रहे हैं। पंजाब से जो आते हैं हिन्दू परिवार के लोग उनको एक हजार रुपये महीना दिया जाता है। यह डिस्क्रिमिनेशन क्यों है। जब यह इतने दिनों से बात हो रही है तो क्या हमारी सरकार एक नियम नहीं बना सकती कि इस तरह की जब बात होती है, जो दंगे के विक्टिम हैं, पंजाब में विक्टिम हैं उनको एक समान ढंग से दिया जायेगा ताकि कम्युनल फीलिंग को लेकर बढ़ावा देने की बात, भेदभाव की बात बता कर लोगों को बहकाने का मौका न मिले। इतना तो हम कम से कम कर सकते हैं। वहां हिन्द समाचार ग्रुप का अखबार है। उन्होंने एक रिलीफ फंड खोला है। जो कमेटी बनायी है उसने वन एंड ए हाफ करोड़ रुपया डिस्ट्रिब्यूट किया है। उसमें वह सब को रख कर चल रहे हैं, कम्युनिस्ट भी हैं, कांग्रसी भी हैं और बीजेपी के लोग भी है, सब लोगों को मिलाकर चल रहे हैं। क्या हम रिलीफ का काम भी नान कम्युनल ढंग से नहीं चला सकते? तमाम लोगों के लिए एक सामान्य सेवा-मिले इतना भी काम नहीं कर सकते? क्या सरकार इस बात को रोक नहीं सकती जो कम्युनल फीलिंग है, कम्युनल ढंग से चल रहे हैं वह ऐसा न करें। एक राष्ट्रीय ढंग के मुताबिक उनसे बातचीत की जाए।

मैं आखिर में एक बात कह कर समाप्त करूंगा। कुछ लोगों ने कहा कि पंजाब में बेरोजगारी बहुत है। मैं बिहार से आता हूं। बिहार से ज्यादा बेरोजगारी पंजाब में नहीं है। अहलुवालिया जी यहां बैठे हैं। बिहार से ज्यादा दरिद्र राज्य भारत में कोई नहीं है। दरिद्रता में इनके शासन में हम फर्स्ट हैं। पहले जब कांग्रेस थे और यहां से जाने लगे तो बिहार स्टुड फोर्थ। तीन स्टेट हमारे से ज्यादा दरिद्र थे लेकिन थैंक्स टु कांग्रेस रिजीम कि हम फर्स्ट आ गये। लेकिन दरिद्रता वहीं ऐसी है फिर भी वहां के लोग हथियार लेकर नहीं घूमते। अगर पंजाब के लोग चाइना के .47 राइफल लेकर घूमते हैं तो बिहार के लोगों को क्या नहीं लेकर घूमना चाहिए सारे भारत में बेवंडर खड़ा करने के लिए। It is not out of poverty. मैं आपको स्पष्ट ढंग से कहना चाहता हूं कि पंजाब में पावर्टी बढ़ी नहीं है। मैं आपको आंकड़े देता हूं। मंत्री महोदय देख लें। I am talking about Punjab only. In 1961, 10 per cent of the landlords had 63 per cent of the total land. In 1971, IO per cent of the landlords acquired 76 per cent of the land and in 1981, those 10 per cent of the landlords acquired 83 per cent of the land. कंसनट्रेशन आफ लैंड होल्डिंग बढ़ रहा है। यह जो आप देख रहे हैं, यह हरित क्रांति की आपकी वैरायटी है। हमारी लाल क्रांति तो गड़बड़ा गई, हमें सकसेस नहीं मिली, लेकिन आपको मिली है। इसलिए इस हरित क्रांति में जो फ्यूडल लार्ड हैं,

ये मजबूत हो जाएंगे तो हम तो गये ही है, आप भी जाएंगे... (**व्यवधान**) लाल क्रांति के बारे में आप तो प्रोफेसर साहब जानते हैं। आप तो ज्ञानी आदमी हैं। अगर आप नहीं जानते हैं तो क्या किया जाय। आप तो जानते हैं, लेकिन दूसरे के लिए जो इसको नहीं जानता है तो उसके लिए कांसियस डेविल की बात आती है। आप तो जानते हैं, इसलिए आपको नहीं कहूंगा।

मैं यह कह रहा था कि सामन्तवादी तत्वों का उभाड़ इस तरह से आ रहा है और जो डेमोक्रेटिक फार्म आफ सोसायटी हम बनाने की बात कह रहे थे उसमें जो लोग फिट नहीं करते हैं वे आर इन रिवोल्ट। वही बगावत कर रहे हैं। पहले-पहले इस देश में हमने कहा कि यह धर्मनिरपेक्ष देश रहेगा। लेकिन धर्मनिरपेक्ष का अर्थ क्या है, कोई नहीं जानता है। योरोप के अन्दर स्टेट और चर्च में बिटर संघर्ष हुआ था, लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं हुआ। राष्ट्रीय आन्दोलन की एक परम्परा थी, एक हवा थी, गांधी जी थे, नेहरू जी थे। Secularism was adopted, but it never became the way of our life. Ou* Constitution has never become the way of our life. वह बन रहा था, परकोलेट कर रहा था, लेकिन ये फ्यूडल ताकतें उठ खड़ी हो रही हैं। ये ताकतें कास्टिज्म और कम्यूनलिज्म को बढ़ावा देती हैं और इनके विरुद्ध ही रिवोल्ट होता है। इसलिए हमने आपसे कहा कि आप इस पोलिटिकल स्थिति को समझिये और इसका निदान कीजिये। जो पैसा आप मांगते हैं वह तो हम आपको देते रहे हैं और एक बार फिर ले लीजिये। चाहे गंगा में डुबाइये या जमुना में डुबाइये, लेकिन देश को मत डुबाइये। यही मुझे आपसे कहना था।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH,DESAI): What is the source of your information about landholdings?

SHRI CHATURANAN MISHRA: Planning Commission. Should I re^ peat the figures?

»

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No. Figures, I know. I only wanted to know the Source of your information. That is all.

श्री धर्मपाल (जम्मू और काश्मीर) : उपसभाध्यक्ष जी, पंजाब एप्रोप्रिएशन बिल नं० 2 के जरिये 49,52,49,27,000 रुपये पंजाब की तरक्की के लिए और वहीं से बेकारी के खात्मे के लिए, एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के लिए, इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए मांगे गये हैं, उसके समर्थन में मैं खड़ा हुआ हूं। कल से यह बहस चल रही हैं। विरोधी दल के तीन सदस्य बोले हैं। मैंने उनके विचार बड़े गौर से सुने हैं। मिश्रा जी समेत उन्होंने तीन बातें कही हैं। एक तो यह बात कही गई कि 11 मई 1987 को बरनाला सरकार को जो बर्खास्त किया गया वह गलत किया गया। दूसरी बात यह कही गई और

[श्री धर्मपाल]

वह रेड्डी साहब ने कही कि पंजाब के बारे में जो एग्रीमेंट श्री राजीव गांधी और संत लौंगोवाल के बीच हुआ उसको इम्प्लीमेंट नहीं किया गया । तीसरी बात मिश्रा जी ने कही कि अपोजीशन के साथ मिल कर पंजाब के मसले को हल करना चाहिए था और यूनिटी होनी चाहिए थी । ये तीन बातें कल से अपोजीशन की तरफ से आई । चूंकि मेरे पास समय कम है, मैं इतना ही कहूंगा कि अगर हम इतिहास को देखें तो हमें पता चलगा कि श्री राजीव गांधी और संत लौंगोवाल में जो एग्रीमेंट हुआ, अकाली दल के बड़े नेता श्री प्रकाश सिंह बादल और श्री गुरचरण सह तोहड़ा इसके हक में नहीं थे और श्री राजीव गांधी जी से मिलने तक भी नहीं आये । इसलिए संत जी को श्री बरनाला और श्री बलवन्त सिंह को लेना पड़ा । संत जी ने दोनों बड़े नेताओं को मनाने की कोशिश की, लेकिन श्री प्रकाश सिंह बादल और श्री गुरचरण सिंह तोहड़ा माने नहीं । उसके बाद पंजाब में इलेक्शन हुए । अकाली दल सत्ता में आया । मैं पूछना चाहता हूं कि किसने तोड़ा अकाली दल की सरकार को ? आज यहां पर बहाने बनाये जाते हैं । श्री प्रकाश सिंह बादल को डिप्टी चीफ मिनिस्टर कहा गया, लेकिन वे चीफ मिनिस्टर बनना चाहते थे । लेकिन यह तो अकाली दल की लेजिस्लेचर पार्टी का काम था कि उसको वह बनाती फिर क्या होता है कि एक बहाना बनाकर, अमृतसर गोल्डन टेम्पल में क्रिमिनल को पकड़ने के लिये पुलिस दाखिल हो गई उस पर कैप्टिन महेन्द्र सिंह वगैरह के इस्तीफे हो गये । उन्होंने इस्तीफा दे दिया और एक और अकाली दल बन गया । तीन अकाली दल अब हैं। पंजाब का मसला हल करने के लिये कभी उनकी यह जुर्रत नहीं हुई, अकाली दल की, कि वह टैरोरिज्म को कंडेम करें। क्योंकि ये डरते थे। कुछ लीडर चाहते थे कि वे जेल में रहे क्योंकि वे डरते थे कि मारे न जाय। ये सब वाकयात हैं मेरे पास समय नहीं है जो कह सकूं। अभी जब आपने रजिस्ट्रेशन आफ पालिटिकल पार्टीज का कहा तो बादल जी मैसेज भेजते हैं कि अमेंड मत कीजिये। अकाली दल के कांस्टि-ट्यूशन को क्योंकि वह इलेक्शन भी नहीं लड़ सकेंगे। यह हालत हैं । इस पशेमंजर में हमको देखना है जिसके कारण पंजाब का मसला हल नहीं हुआ । इसके लिये जिम्मेदार कौन है? हमारे प्राइम मिनिस्टर राजीव गांधी जी शुरू से चाहते थे कि इस मसले का हल हो और सिवासी सतह पर हो। इसलिये एग्रीमेंट हुआ। उस एग्रीमेंट के विरोधी कौन थे? अकाली दल की सरकार किसने तोड़ी? अकाली दल की सरकार खुद अकालियों ने तोड़ी। बरनाला की सरकार के लिये आप कहते हैं तो वह क्यों डिसमिस हुई । यह इसलिये डिसमिस हुई क्योंकि इसके बड़े-बड़े मिनिस्टर जैसे चंदू माजरा जो थे उनके पास टैरोरिस्ट ठहरते थे। वह मिनिस्टर जाकर यहां तक कि अमृतसर में वहां के एस०एच०ओ० को थप्पड़ मारा कि फलां एक्सट्रमिस्ट को छोड़ दो। वे फिर तलवंडी अकाली दल में गये हैं। चाहे जसवंत सिंह हों इनके मुत्तलिक है कि ये टैरोरिस्टों की मदद कर रहे थे और वह उनके घरों

म ठहरत थ। रस कमटा न 4 हजार टैरोरिस्टों को छोड़ा। उसके बाद उनका क्या रोल रहा। कितनों की भर्ती पुलिस में बरनाला जी के वक्त हुई। इस बुनियाद पर बरनाला सरकार डिसमिस हुई। कल एक बात कही गई। यादव जी कह रहे थे कि बतलाइये जब से वह पर गवर्नर का राज हुआ तब से क्या फर्क है। मैं कहना चाहूंगा कि फर्क यह है कि जब बरनाला जी के समय में कोई टैरोरिस्ट मारा जाता था तो उसकी भोग सरमनी होती थी और बड़े बड़े अकाली दल के नेता उसमें जाते थे तथा वहां पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते थे। उस समय गुरुद्वारों पर कंट्रोल टैरोरिस्ट का था। मैं कहूंगा कि फर्क यही है कि गुरुद्वारों में टैरेरिस्टों का नहीं बल्कि सिरोमणि गुरुद्वारा कमेटी का इंतजाम है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि अब वहां कोई भोग सरमनी नहीं होती और न खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते हैं। यह फर्क है। यह ठीक है कि मोगा की किलिंग हुई लेकिन यह भी एक तरफ देखिये कि पिछले 6 महीनों में जब हमने यहां डिसकस किया था, कितने टैरोरिस्ट उस समय से मारे जा रहे हैं, ए कैटेगरी के और बी कैटेगरी की टैरोरिस्ट रोज पकड़े जा रहे हैं। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि यह जो कत्ल भी हो रहे हैं ये सब टैरोरिस्ट नहीं कर रहे हैं। आप देख लीजिये 1984 के पहले, पंजाब का किसान जो है उसके पास बड़ा धन होता है पैसा होता है और वह कत्ल करवाता था एस०एच०ओ० को पैसा देकर कि फलां को कत्ल करना है। यह हिस्ट्री पंजाब की है देख लीजिये पहले कितने कत्ल होते थे। जो स्मगलर हैं, जिनको पैसा मिलता है, धन मिलता है, जो ड्रग्स का स्मगलिंग करते हैं, आर्म्स की स्मगलिंग करते हैं वे भी यह काम करते हैं। सारे लोगों को टैरोरिस्ट नहीं मार रहे हैं। लेकिन अब ये पकड़े जा रहे हैं, मारे जा रहे हैं जो टैरोरिस्ट हैं। यह फर्क है।

अब मैं मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि टैरोरिस्ट के पास जो वेपन हैं वे सुपीरियर है। इसलिए आपकी आर्मी फोर्स और पुलिस जो है उसका कम्युनिकेशन सिस्टम बेहतर होना चाहिये और उनके पास उनके बेहतर हथियार होने चाहिये। क्योंकि इससे आपकी फोर्सेज की मारल बूस्टिंग होगी और उनमें अच्छा कोआर्डिनेशन होगा। ठीक है कि पुलिस में कुछ लोग हैं, मेरे साथी ने इशारा किया, उनकी स्क्रीनिंग होनी चाहिये। कितने ही उनके साथ मिले हुए हैं और वे उनकी मदद करते हैं। इस बात की तरफ ध्यान देना होगा। यह कहना कि बहां से आर्म आ रहे हैं। बहुत लम्बा चोड़ा बार्डर है, फेंसिंग हुई है। हमारे प्रधान मंत्री जी सार्क मीटिंग में भाग लेने के लिये इस्लामाबाद गये और उनकी बेनजीर भुट्टो के साथ बातचीत हुई। उन्होंने वायदा किया कि कैंप बन्द होंगे। लेकिन उनकी भी दिक्कत यह है कि पंजाब में जो चीफ मिनिस्टर बैठे हैं वे जे०एल०एफ० के आदमी हैं। कैंप 12 के करीब चल रहे हैं, हथियार भी आ रहे हैं, मदद भी हो रही है। यही नहीं मेरे अपने प्रदेश में, जम्मू और काश्मीर में वे ट्रेनिंग देकर लोगों को भेज रहे हैं ताकि यहां डिस्टे-

[श्री धर्म पाल]

बलाइजेशन हो और तोड़ने की कोशिश हो रही है काश्मीर को यह आप जानते ही हैं कि इंटरनेशनल रिंग्स होती रहीं और अब भी विदेशी ताकत पाकिस्तान पंजाब में जहां यह कर रहा है वहां काश्मीर में भी कर रहा है । वह वहां हथियार भेज रहा है, लोगों को ट्रेनिंग दी जा रही है । बेकारी वहां भी है इसलिये पढ़े लिखे नौजवानों को लालच देकर इस तरह के हालात पैदा कर रहा है । मैं यह कहूंगा कि पंजाब का मसला तो है ही काश्मीर में जो हो रहा है वहां पर भी बेकारी का बहुत बड़ा मसला है । यह जो पैसे की मांग है हमने कहा है कि ज्यादा पैसा देना चाहिये ताकि वहां पर छोटी-छोटी इंडस्ट्री लगे, सी०आर० पी०एफ० में बी०एस०एफ० में मुलाजमत बढ़े, एग्रो-बेस्ड इंडस्ट्री लगे । जो लोग बेकार हैं पढ़े लिखे बेकार हैं उनको काम मिल सके । अभी हमारे काश्मीर में क्या हुआ ? वहां 75-80 के करीब लोग पकड़े गये जब उनको इंटोरैगेट किया गया तो पता चला कि वह नौजवान लड़के एम० ए० डबल एम० ए० पास हैं लेकिन बेकार हैं वहां कोई प्रोजेक्ट नहीं है जिससे उनको काम मिल सके । जैसे आपने पंजाब में ला एंड आर्डर को बेहतर बनाने के लिए 85 करोड़ रुपये दिये हैं मैं गढ़वी साहब से कहूंगा कि जम्मू काश्मीर में भी वह दें क्योंकि वहां भी ऐसे हालात हम फेस कर रहे हैं । हमें भी ट्रेंड पुलिस की जरूरत है, हथियारों की जरूरत है बार्डर भी बंद होना चाहिये क्योंकि यह लोग आपस में मिले हुए हैं । इनको अलग नहीं देख सकते हैं । चाहे जम्मू काश्मीर लिबरेशन फ्रंट हो, चाहे पाकिस्तान में चल रहे ट्रेनिंग कैम्प हों इनका कोई लिंक है और अफगानिस्तान के मुजाहिदीन को आप देख लीजिये इनका कोई आपस में लिंक लगता है इस मुल्क को तोड़ने के लिए, इसको खत्म करने के लिए कोशिशें हो रही हैं । इसकी तरफ भी हमको ध्यान देना है । इसलिए ज्यादा पैसे की मैं आपसे मांग करूंगा । आप पंजाब में ज्यादा पैसा दीजिये । पंजाब में इंडस्ट्री लगाने में, बेकारी का खात्मा करने के लिए पावर प्रोजेक्टस के लिए जो बार्डर पर लोग रहते हैं चाहे पंजाब हो या काश्मीर हो देश की बाकी जगहों और बाकी डिस्ट्रिक्ट्स से ज्यादा मदद उनको होनी चाहिये ताकि वहां पर इम्पलायमेंट में तरक्की हो । हमारी मुहाफज हमारी फौज हमारी पुलिस कहीं भी मुकाबला नहीं कर सकती है जब तक लोगों का ताव्वुन न हो । मिश्रा जी ने यह कहा कि यूनिटी हो । यूनिटी नजरियाती तौर पर हम अहंगी होनी चाहिये । अब इनकी यूनिटी बढ़ रही है आप देखेंगे । मैं एक बात की तारीफ जरूर करूंगा पंजाब में जहां कांग्रेस के लोगों को जागृत किया है, हमने 1500 के करीब मीटिंग की हैं, हर हल्के में मीटिंग की है, अब भी वहां हो रही हैं वहां पर कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया और पी०सी०एम० ने खुलकर टेररिज्म की मुखालफत की है लेकिन और कोई पोलिटिकल पार्टी जो हैं वह सामने नहीं आई । यह मैंने पहले भी कहा है और मैं अब भी तारीफ करता हूं लेकिन बाकी जो पार्टियां हैं जो हाउस में बोलती हैं वह कभी पंजाब नहीं गए । सख्ती से उन्होंने कभी टेररिज्म को कंडम नहीं किया और न अकाली दल के लीडरों ने किया और न कभी उन्होंने जुर्रत की । पंजाब का

मसला हल करने की कांग्रेस की शुरू से कोशिश रही है और हमारी पार्टी यह चाहती रही है इसलिए पैकेज प्रोग्राम हुआ। कहा जाता था कि जोधपुर डिटेन्यूज को छोड़ दो मसला हल हो जाएगा और उनको छोड़ दिया गया। अकाली दल जिम्मेवार है। बाकी अपोजीशन पार्टियां कहती हैं कि ताव्वुन लो। एक वक्त आया हमने कहा कि चलो सब पार्टियां मिल कर प्रचार करेंगी, टैरेरिज्म को कंडम करेंगी। हमें याद है कि उन मीटिंगों में कांग्रेस की वो लोग कंडम करने लगे। लोग इकट्ठे हो जाते थे कांग्रेस के नाम पर और कांग्रेस को कंडम करने लगे। हमने देखा कि यह फोरम जो है इसका गलत इस्तेमाल किया जा रहा है इसलिए उसको बंद किया गया। इस सिलसिले में कांग्रेस अपनी कोशिश करती रही। जहां तक अपोजीशन पार्टियों का सवाल है उसके लिए तो मैं यह कहूंगा—

[उपसभाध्यक्ष (श्री बी० नारायणसामी) पीठासीन हुए]

गुफ्तार का वाजी बन तो गया,
किरदार का वाजी बन न सका।

मतलब यह है कि सब जबानी बातें हैं, भाषण बहुत खूबसूरत करते हैं लेकिन जब मौके पर फील्ड पर काम करने के लिए अमल की बात आती है तो कहीं दिखाई नहीं देते हैं। यह अपोजीशन वाले करते हैं। झगड़ा क्या है, झगड़ा टेरिटरी का है और पानी का है। अब जो इंदिरा जी का अकार्ड हुआ उसको छोड़िये लेकिन राजीव गांधी लोंगोवाल अकार्ड के तहत चण्डीगढ़ पंजाब को देने की बात थी। रमैया कमीशन जो बना उसने 45 हजार एकड़ रकबा हरियाणा को देने के लिए और उसको आइडेंटिफाई करने के लिए कहा तब चण्डीगढ़ उसके बदले में पंजाब को मिलेगा। बांसल जी बैठे हुए हैं वह ज्यादा इस पर कह सकेंगे क्योंकि वह इससे ज्यादा वाकिफ हैं। मैं यह पूछना चाहता हूं कि वह किसने आइडेंटिफाई नहीं किया। अगर 45 हजार एकड़ रकबा आइडेंटिफाई करके हरियाणा को दे दिया जाता तो चण्डीगढ़ पंजाब को मिल जाता। तो यह मसला किसने हल नहीं किया ?. मैं कहूंगा आज यह बातें करते हैं। देवीलाल जी जनता दल के लीडर हैं हरियाणा के चीफ मिनिस्टर हैं उन्होंने तो इलेक्शन भी इसी प्वाइंट पर लड़ा और राजीव लोंगोवाल अकार्ड को रिजेक्ट किया, बाकी जनता दल के लीडरों का मुझे तो पता नहीं है। इसी बुनियादी प्वाइंट पर उन्होंने हरियाणा का इलैक्शन लड़ा कि हरियाणा के साथ पानी के मसले पर बेइन्साफी हुई है। और वे तामील नहीं कर रहे हैं। किससे मदद लें ? हम तो चाहते हैं पानी का, टेरीटरी का मसला हल हो, अमन हो, मान हो और वहां पर तरक्की हो। आज जो यह कहा जाता है कि पंजाब में तरक्की नहीं है तो मुझे याद है कि एग्रीकल्चर में 56 लाख टन व्हीट की प्रोक्योरमेंट हुई है, इंडस्ट्रीज नयी लगी हैं, बढ़ावा हुआ है बावजूद टेरोरिज्म के और पंजाब के बहादुर किसानों ने सैलाब लाया है। मैं मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि वहां आपने मदद नहीं दी है, लोगों ने संस्थाओं ने अपने तौर पर किया। आप मदद नहीं कर सके उसके बावजूद भी 56 लाख टन अनाज उन्होंने

[श्री धर्म पाल]

आपके भण्डार में दिया । बहादुर लोग हैं, इंडस्ट्रीज लगा रहे हैं जबकि वहां टेरोरिज्म है । एक बात की और तारीफ है कि वहां भाईचारा रहा, चाहे जितने भी कत्ल हुए कुछ हुआ लेकिन हिंदू सिख के इत्तहाद को कोई वहां से नहीं तोड़ सका ।

मिश्रा जी ने एक बात कही । भाई, राजीव गांधी जी कम्युनलिज्म के लिए नहीं बना रहे हैं । मैं नहीं आपके लिए कहूंगा । अब देखेंगे प्लेटफार्म शेयर करते हैं या नहीं । एजीटेशन को एक महीना कंटीन्यू कर रहे हैं । देखेंगे, एडजस्टमेंट करते हैं कि नहीं । तो यूनिटी कैसे हो । नजरियाती तौर पर जिनसे हमारा मेल है, जो सेक्युलरिज्म, डेमोक्रेसी और समाजवाद में यकीन करते हैं, टेरोरिज्म के खिलाफ खुलकर लड़ना चाहते हैं, उनसे हमारा सोच मिलता है और समझौता हो सकता है । बाकी यह है कि ये पोलिटिकलाइज करना चाहते हैं और कौन नहीं होने देना चाहता । देवीलाल तो शुरू से कहते हैं । तामिलनाडु में मिला दिया । वहां पर भी बुलाया, बात हुई उनकी बादल से, दूसरों से बातें हुईं । तो यह है कि सबसे बड़ी रुकावट अकाली दल है । उनके लीडर तो जूरत से कन्डेम्न भी नहीं कर सके । अपनी जान बचाने को डरते रहे । खुश रहे कि जेलों में रहें, बाहर न आयें, शायद टेरोरिस्ट मार न दें और अपोजीशन ने पंजाब के मसले में सिर्फ लिप सिम्पैथी जाहिर की है, मिलकर कोई मदद नहीं की है । प्राइम मिनिस्टर साहब ने एक कैबिनेट सब कमेटी बनायी और उसमें सबको बुलाया गया तो आपकी जनता पार्टी शायद रिजोल्यूशन देकर चली गयी, अकाली दल वाले आये नहीं । किस तरह से यह मसला हल हो ? जबानी बातों से नहीं होगा यह आपको समझा दें । खुद मानते हैं कि नेशनल इश्यू है । इसमें कोई पोलिटिक्स नहीं है और एक ऐसा सरहदी सूबा है जहां पाकिस्तान वाले साजिशें कर रहे हैं, बैरूनी साजिशें वहां हो रही हैं । पड़ोसी प्रदेश जम्मू काश्मीर में भी ये बातें हो रही हैं । तो जो छोटी नीति हमारी वोट लेने वाली है इससे हमें ऊपर उठकर इस मसले का हल बात से करना है जैसा कि प्राइम मिनिस्टर ने भी कहा है । कब उन्होंने कहा कि बात नहीं होगी । जो पोलिटिकल पार्टीज पंजाब में हैं पहले उनका है कि वे इकट्ठी हो जायें वे मिलकर टेरोरिज्म का मुकाबला करें, लोगों को जागृत करें तो फिर नेशनल पार्टियां भी आयेंगी । बुनियादी बात तो यह है । वहां कमेटी हुई तो कोई नहीं मिला । तो सवाल यह है कि जबानी बातों से कुछ नहीं होगा । अमल से होगा ... (समय की घंटी) हमारी कोशिश है कि पंजाब तरक्की करे । पंजाब के लोग बड़े बहादुर हैं और वह इंडस्ट्रीज बढ़ें, पावर प्रोजेक्टस वहां हों, बिजली की कोई दिक्कत न हो, इम्प्लायमेंट के लिए ज्यादा से ज्यादा पैसा हो, और ज्यादा प्रोजेक्टस वहां लगें ताकि टेरोरिज्म की तरफ लोग न जायें । वे लोग अभी भी भर्ती कर रहे हैं और भर्ती करके बाहर भेज रहे हैं । जम्मू काश्मीर में भी यह हो रहा है कि नौजवानों को बरगलाकर कि आपको नौकरी नहीं है, वहां पैसा मिलता है, उनको भी ट्रेनिंग के लिए भेज रहे हैं । तो इसके लिए आपको यह देखना पड़ेगा कि सब लोग साथ दें और इस सिलसिले में इस मौके का फायदा उठाते हुए गढ़वी

जी से यह कहना चाहूंगा कि एक बड़ी देरीना मांग है, यह इससे मिलती नहीं है : सब स्टेट ने मिलकर जम्मू काश्मीर का उस मिनिस्टर्स की मीटिंग में माना है कि हमें आप देते हैं 30 परसेंट या 70 परसेंट और अन्य स्टेट जैसे हिमाचल को 90 परसेंट और कहते हैं कि यह एडजस्टमेंट है, कोई फर्क नहीं है । मैं कहना चाहता हूं गजवी जी कि मेरी स्टेट को इस साल सिर्फ सूद ही 203 करोड़ का देना है और इसलिए आप जो पैसा देते हैं, उसे दे-देंगे फिर डेवलपमेंट हो नहीं सकता और टेरोरिज्म का मसला वहां पर भी है । इस मांग का समर्थन सभी हिल स्ट्टेस ने किया है । जम्मू काश्मीर के साथ बेइंसाफी हो रही है । हम प्लानिंग कमीशन को मिले, फाइनेंस डिपार्टमेंट से मिले, हम राजीव गांधी जी से मिले, उनकी उस वक्त जो सेक्रेट्री थी सरला जी उनसे मिले, सब मानते हैं कि वाकई मसला है । सब स्ट्टेस ने भी माना कि कोई दिक्कत नहीं है । सिर्फ आसाम और जम्मू काश्मीर है । हम उनके लिए भी मांग करेंगे क्योंकि पहाड़ी लोग हैं, वहां नान कांग्रेस सरकार है । तो जम्मू काश्मीर के लिए सबने समर्थन किया और आप अब कहते हैं कि हमें कुछ नहीं है । हमने 203 करोड़ दे दिया है । सूद से जो बचता है वही डेवलपमेंट पर खर्च होगा और हम सोचते हैं कि पढ़े लिखे लोगों की बेकारी वहां खत्म हो ताकि वहां हालात सुधरें और जो गुमराह कर रहे हैं चाहे जम्मू काश्मीर लिबरेशन फ्रंट हो या दूसरे वे ऐसा न कर सकें ।

इन बातों के साथ मैं इन ग्रांट्स की पुरजोर हिमायत करता हूं और समझता हूं कि यह पैसा ठीक ढंग से अगर वहां की डेवलपमेंटल एक्टिविटीज पर लगेगा और बीच में कुछ गड़बड़ नहीं होगी तो वहां के लोगों की हालत सुधरेगी । शुक्रिया ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Kailash Pati Mishra. Your time is six minutes, please.

श्री कैलाश पति मिश्र : आप शुरू में ही प्रतिबंध मत लगाएये । बहुत लम्बे भाषण सुनने को मिले हैं, थोड़ी समय की छूट रखिये ।

उपसभाध्यक्ष जी, भाषणों को सुनने के बाद तो मेरी चिंता और बढ़ गई है । लगता है कि कहीं अनंतकाल तक पंजाब जलता न रहे ।

उपसभाध्यक्ष जी, मुझे याद है कि 1984 में 23 अप्रैल को मैंने शपथ ग्रहण की थी । उसी दिन तत्कालीन स्व-राष्ट्र मंत्री श्रीमान सेठी जी का पंजाब के ऊपर वक्तव्य हुआ और तब से लेकर लगातार पंजाब के ऊपर कभी प्रधान मंत्री, कभी स्व-राष्ट्र मंत्री, कभी और मंत्री का भाषण मैं सुनता जा रहा हूं ।

आज शांति होने के बजाए समस्या दिन-प्रति-दिन और बढ़ती जा रही है, वर्ष बीतते चले जा रहे हैं और भारत माता के एक से एक अनमोल लाल लुटते

[श्री कैलाश पति मिश्र]

चले जा रहे हैं हत्यायें होती चली जा रही हैं । जब कभी मुझे मेरे मित्र स्मरण आते हैं, तो बड़ी वेदना होती है । 35–36 वर्ष का, एक साथ काम करने वाला मेरा मित्र, भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष, श्री हिताभिलाषी, आज इस दुनिया में नहीं है ।

चौबीस वर्ष का नौजवान, भारतीय जनता पार्टी के यूथ विंग का अध्यक्ष, एक सिख युवक—तनसेर सिंह बहल—24 वर्ष की आयु में मार डाला गया और जिस दिन उसकी हत्या हुई है, उसका विवाह हुए केवल छह महीने हुए थे । पचास से अधिक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पंजाब के अंदर मारे गये, और दलों के लोग भी मारे गये । एक से एक रत्न गये, पत्रकार गये, राजनीतिक नेता मारे गये, सार्वजनिक जीवन में काम करने वाले एक नहीं अनगिनत मारे गये ।

कभी-कभी लगता है कि क्या सचमुच में ईमानदारी से पंजाब की समस्या का हल निकालने की हम कोशिश कर रहे हैं? कई मित्रों ने जो बताया, मैं उसको दोहराना नहीं चाहता ।

मुझे बड़ा दुख है कि प्रधान मंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या हुई । वह हत्या प्रधान मंत्री के आवास में हुई थी, हत्या किसी सीमा पर या दौरा करते समय घर के बाहर नहीं हुई थी ! हत्यारे पकड़े गये, लेकिन उस हत्या के बाद दिल्ली हो या कानपुर हो या बोकारो, तीन हजार सिखों की हत्या की गई है ।

मैं जरा भारत सरकार से कहना चाहता हूं कि छाती पर हाथ धर कर एक बार टटोलिये, उनका अपराध क्या था, उनका गुनाह क्या था ? इसी दिल्ली के अंदर लगभग डेढ़ हजार सिख परिवारों की बहिनें विधवा बन कर भटक रही हैं । इतने दिनों में आपने कितने अपराधियों को पकड़ा, कितनों को सजा दी ? मैं बितंडा खड़ा नहीं करना चाहता । अगर उसमें से राजनीतिक कार्यकर्ता किसी भी दल के हों, तो देशहित का यह तकाजा है कि उन्हें फांसी के कटघरे पर चढ़ाइये, उनके ऊपर कोई मुकदमा चलाइये । कोई संकोच मत करिए । लेकिन आप लीपा-पोती करते रहेंगे, तो क्या सिख नौजवानों में कहीं विश्वास न्याय के प्रति जगेगा ?

पंजाब के अंदर मौलिक रूप में दो सवाल आकर के खड़े हो गये हैं, एक सिख नौजवानों के हृदय में न्याय की मांग, और पंजाब के निर्दोष व्यक्ति, उसमें सिख भी हैं, हिन्दू भी हैं, उनके अंन्दर सुरक्षा की मांग । आप दोनों अवसर के ऊपर काफी विफल होते चले जा रहे हैं । उसके कारण स्थिति और बिगड़ रही है । इसी राज्य सभा में आप सुरक्षा पट्टी के लिए यहां एक प्रस्ताव लाये थे और मैं जिस दल का हूं, सारे विरोधी दल से अलग हट कर मैंने सुरक्षा पट्टी के प्रस्ताव को पास कराने के लिए सत्तारूढ़ दल का साथ दिया था । वह सुरक्षा पट्टी कहां गई ? क्यों नहीं बन रही है ? क्या हो गया आज तक, पंजाब के अंतर्गत षडयंत्र के जहां-जहां पर अड्डे हैं, आप उनको लोकेट कीजिए और सीमा से जुड़े हुए तीन जिले फिरोजपुर, गुरदासपुर, अमृतसर आपका सेक्योरिटी फोर्स वहां सामना करने में विफल हो रहा है। मैंने कहा था मैं पूरे पंजाब की बात नहीं कर रहा हूं लेकिन तीन सीमा पर के जिले ऐसे जल रहे हैं, आप उनको सेना के हवाले क्यों नहीं कर रहे हैं ? क्या संकोच दिखाई दे रहा है ? सतलुज और व्यास के बीच का वह इलाका मांड का इलाका आज वह शस्त्रागार और षडयंत्र का अड्डा बना हुआ है । सैक्योरिटी फोर्स हों या आपके सिपाही इनके हाथ में हथियार क्या हैं ? आतंकवादियों के हाथ में कौन सा हथियार नहीं है ? रोज अखबार में छपता है ए०के० 47 मैं कहना चाहता हूं संसार के अंदर आधुनिकतम जितने भी आर्म्स हैं वह आज पंजाब के आतंकवादियों के हाथ में हैं । कभी विचार किया है कि अपनी पुलिस, अपने सेक्योरिटी फोर्स के जवान मैचिंग आर्म्स के साथ उनके सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं ? मैं कहना चाहता हूं कि उनके हाथ

में इन्फीरियर हथियार हैं । आप सुरक्षा पट्टी नहीं बनाए, आप सीमा को सील नहीं कराएं, आप तस्करी रोक नहीं पा रहे हैं, आने वाले हथियारों को आप रोक नहीं पा रहे हैं और चप्पे-चप्पे में जहां पंजाब के अन्दर ऐसे आर्म्ज भरे हुए हैं, जिनको आतंकवादियों से जूझने के लिए आप भिड़ा रहे हैं उनको आप मैचिंग आर्म्ज नहीं दे रहे हैं । महोदय, बार-बार कहा जा रहा है सरकार सब का सहयोग चाहती है, सरकार सब का सहयोग चाहती है और जो मन में आता है वही किसी को गाली दे देता है । एक मित्र अभी बोल रहे थे, अब वह केवल कम्युनिस्टों का नाम ले रहे हैं । मेरी समझ में नहीं आ रहा है, अगर उनके मन में यह संदेह खड़ा हो रहा हो कि सारे विरोधी दल आज एकत्रित होते चले जा रहे हैं, एक मंच पर आ रहे हैं तो उसमें से एक की प्रशंसा करो और बाकी को गाली दो, फिर तो किस नीति पर आप चल रहे हैं यह मुझे कहना नहीं है, लेकिन मैं भारतीय जनता पार्टी के बारे में पूछना चाहता हूं । क्या आपको पता नहीं है आनंदपुर के प्रस्ताव को खुले शब्दों में और डट करके भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा विरोध किया है, टैरोरिस्ट्स का डट कर विरोध किया है और आज भी हम मांग कर रहे हैं कि न्याय सिखों को दीजिए । श्रीमती गांधी की हत्या के बाद जो हत्याएं हुई हैं उन हत्यारों को पकड़िए । आपने कमीशन बैठाया । उसकी रिपोर्ट आ गई । उसके अन्दर भी जो कुछ नाम संकेतित है आप उन पर मुकदमा नहीं चला रहे हैं । पहले ही जांच हो गई, मैं भड़काना नहीं चाहता हूं नाम लेकर लेकिन मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि अगर देश की अखंडता की रक्षा करनी है तो कोई भी अपराधी हो और किसी भी दल का हो, अगर सत्ताधारी दल का भी हो तो कृपा करके भगवान के नाम पर उस पर मुकदमा चलाने में, सजा देने में हिचकिए मत । मैं कहना चाहता हूं कि आज आप हिचक रहे हैं, आप उसके ऊपर पर्दा डाल रहे हैं । अगर पर्दा डालते रहेंगे तो पंजाब की समस्या का क्या हल निकालेंगे ? अभी मैं 7–8 जुलाई का "नवभारत टाइम्स" पढ़ रहा था । सदन और देश को जानने का अधिकार है कि मुनि सुशील कुमार को आपने लगाया कप्तान सतीश शर्मा के माध्यम से लगाया । रियासती जी को लगाया, जसबीर रोड़े को लगाया । क्या हुआ, यह तो जरा पता लगे ? सदन को पूरा अधिकार है जानने के लिए कि उन प्रयत्नों में क्या निकला ? अखबारों में छपा हुआ है कि सुशील मुनि तो इतने नाराज हो गए कि वह खीझकर अमरीका चले गए । आगे हुआ क्या, सितम्बर महीने में प्रधान मंत्री ने पंजाब का दौरा किया और पंजाब में जाकर कहा है कि मैं इसके लिए सर्वदलीय सभा बुलाता हूं । सितम्बर निकल गया, अक्तूबर निकल गया । इतने दिन निकल गए, जरा जानना चाहता हूं कि कब आपने निमन्त्रण दिया था कि पंजाब की समस्या के संबंध में विचार करने के लिए विरोधी दलों की सभा है और विरोधी दल इसमें भाग लें ? तय कर लेते हैं पहले ही कुछ न कुछ । खेल खेलते रहते हैं राजनीतिक । सन् 1984 में जो घटनाएं घटी हैं, उसका एकमात्र लक्ष्य था देश चूल्हे में जाय, लेकिन कांग्रेस सत्ता पर जीत जाय और यह खेल आप खेलते रहे । मैं आरोप लगाना चाहता हूं कि अभी भी आप वही खेल खेल रहे हैं आगे के चुनावों को देखकर । ... **(समय की घंटी)** ... आप ठीक तरह से समस्या का हल निकालने के लिए तैयार नहीं हैं । अगर आप निकालना चाहते हैं तो मैं सीधे आपको कुछ सुझाव देना चाहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक मिनिट में खत्म कर रहा हूं । आप यह कदम उठाइए कि वर्ष 1984 में श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश के अंदर जो हत्याएं हुई हैं, अपराधियों के ऊपर मुकदमा आप चलाइए, गुप्त कमरों में चलाने की जरूरत नहीं, सार्वजनिक रूप से उन पर मुकदमा चलाइए और फैसला होने दीजिए । सिखों में न्याय के प्रति विश्वास जगने दीजिए । फिरोजपुर, गुरदासपुर, अमृतसर यह जो जिले हैं, जो आप नहीं संभाल पा रहे हैं, इनको आप

[श्री कैलाशपति मिश्र]

सेना के सुपुर्द करिए । सुरक्षा पट्टी बढ़ाइए । सीमा से लगे हुए जिलों, पाकिस्तान की सीमा से लगी हुई सीमा आप सील करिए । अंत में, एक बार फिर दोहराना चाहता हूं कि जो आप सिक्योरिटी फोर्सेज के जवान लगा रहे हैं, आतंकवादियों के पास जिस प्रकार के हथियार हैं, सेंचिंग आर्म्स उनको दीजिए । अगर आप ऐसा नहीं कर सकें और केवल वक्तव्य और भाषण पर ही रहें, तो मैं आग्रह करना चाहता हूं कि जितनी जल्दी आप गद्दी छोड़कर हट जायं, पंजाब समस्या सुलझ जाएगी ।

श्री ईशदत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : यह आखिरी सजेशन अच्छा है, उपसभाध्यक्ष महोदय ।

SHRI CHITTA BASU (West Bengal): Sir, It is quite clear and clear as daylight that the Punjab policy of the Government, if there is any policy at all, has met* with utter failure. As a matter of fact, I raise the doubt whether the Government had any fixed, well thought-out and well orchestrated Punjab policy. If there was any policy with regard to Punjab, it was, let me be allowed to say, *it* was a policy "of drift_ it was a policy of procrastination, it was a . policy which has no direction, it was a policy which" was nothing but to subserve the narrowest partisan interests of the ruling party at the Centre. Therefore, Punjab being a national problem, a solution must rest on the approach of national outlook. The Government's policy was that instead of having a national approach to the problem, it has reduced it to merely a problem of law and order and as a matter of fact I find that . even today the CRPF claims success in Punjab. The latest information I have got is that the CRPF claims that they have eliminated 797 terrorists, captured about 4263 weapons. and as of today there are'- more *than* 40 battalions of the CRPF in Punjab. Even if Ihis kind of law and order attitude has been assumed by the Government of India, law and order has not improved.. The figures say that in 1987 the total number of assassinations or murders' was 910 %nd in 1988 it rose to 2,001) and I have collected from the newspaper reports the figures from January this year up' to July 25. It gomes to an average of 250 persons being killed in a month. This is on the basis of the information which found place in the newspapers and the press reports. Therefore, even if the Government has taken the attitude of law and order—" that is the main thrust of the Government policy with regard to Punjab— in that case also this is a dismal failure.

Here I do not find it a great pleasure for nie to refer to what Mr. Ribeiro said. He is nobody here in the opposition; he is a bureaucrat; he is a policeman; he was the I.G. of Punjab and now I think is the Advisor to the Governor of Punjab, Director-General, I ana told. And now he says that there should be a change of attitude towards Punjab terrorism. I quote him: "Basically it is difference in perception; I would concentrate very heavily on winning the hearts and the minds of the Sikhs.' I would go out of my way 'to find Chaman Lais". You all know - about Mr. Chamanlal; there is- no nee<j to repeat. So that*very man who said, "bullet against the bullet" now says.that the approach should be of winning the' minds and the hearts of the Sikhs. He further says that if you do them justice, they are bound to come out This relates to the Sikhs. This means that the Sikhs of Punjab .have not received justice from you and this is -being admitted by. Mr. Ribeiro. It is not the question of anybody in the opposition or about whom you have spoken so much and sprouted venom.

Therefore, I feel—and I would earnestly request the Government to appreciate—that this is not an issue to be approached from a partisan

angle. It is a national issue. From that point of view, so far as the national parties are concerned, they have always extended co-operation, an assured co-operation to the Go vernment in bringing out a political solution of the problem. Never has there been an occasion when the Prime Minister or Mr. Buta Singh ap proached the opposition to discuss the problem of Punjab and we were found wanting. We have always extended our co-operation. And there was a suggestion from the opposition also that there should be an all-party meet to discuss the Punjab problem and to work out ways and means to meet the situation politically and on a political level. What prevents the Government from convening such an alLparty meet on Punjab? Comment of the Prime Minister was a surprise to us when he said that they are not sure about the position the parties will take, and let the parties have their position well-defined and then we shall call them. What is wrong if you call all the parties and give them the opportunity to express their views? What is your objection in accepting that co-operation? But he says that first of all, the parties will have to explain their position. Therefore, this attitude, this narrow, partisan, attitude is not going to solve the Punjab problem. *(Interruption)* Earlier, it was said, it was announc ed, that there would be Panchayat elections, grassroot instruments to* fight terrorism. I think they have abandoned this idea now. They have refused to hold Assembly elections in Punjab. But they say that Lok Sabha elections will be held in Punjab. On the one hand, they say that the con dition is ripe, the condition is conge nial, for holding the Lok Sabha elec tions. On the other, they say that the situation is not congenial to have *the* Assembly elections. This only shows that they are not interes ted in restoring popular rule in Punjab. They are only interested in maintaining their party's partisan» attitude and partisan policies. Their partisan policies in regard to Punjab will only lead to disastrous conse- quences, to the disintegration of the country and to the destruction of the Unity of the country. Therefore, Sir, concluding, I would say, the Govem- ment, in its wisdom, should abandon this disastrous policy, take a national view of the problem< call all the parties and work out a solution of the Punjab problem. Thank you.

